रोहतक
मंगलवार, 25 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 26
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 27.3
न्यून. 10.2

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,454.41 | 856.65 ▼ |
| निफ्टी | 22,553.35 | 242.55 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 89,100 /- | 350/- ▲ |
| चांदी | 1,00,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 86.68 | 4 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 74.45/ बैरल | 0.03% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## वैश्विक निवेशक सम्मेलन का पीएम ने किया उद्घाटन

# दुनिया को भारत से बहुत उम्मीदें हम लाकर दिखाते हैं नतीजे : मोदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि मजबूत प्रतिभाओं तथा फलते-फूलते उद्योगों के साथ मध्यप्रदेश एक पसंदीदा व्यापार स्थल बन रहा है और राज्य में निवेश करने का यह सही समय है। 'निवेश मध्य प्रदेश-वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025' का उद्घाटन करने के बाद मोदी ने कहा, '' भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा अवसर आया है, जब पूरी दुनिया इसको लेकर इतनी आशावादी है।' उन्होंने कहा कि आम लोग और अर्थशास्त्री, दुनिया भर के देश तथा संस्थान भारत के बारे में आशावादी हैं और उन्हें भारत से बहुत उम्मीदें हैं। भारत नतीजे लाकर दिखाता है। इस सम्मेलन का उद्देश्य निवेशकों और उद्योगपतियों के लिए मध्यप्रदेश की असीम संभावनाओं को प्रदर्शित करना है। मोदी ने कहा, ' दुनिया का भविष्य भारत में है''...पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह की टिप्पणियों ने निवेशकों का उत्साह बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व बैंक ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विनियमन आयोग राज्यों में निवेश के अनुकूल नियामक परिवेश बनाने में मदद करेगा।

*(संबंधित खबर पेज 4 पर)*



*मोदी ने कहा, '' दुनिया का भविष्य भारत में है''...पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह की टिप्पणियों ने निवेशकों का उत्साह बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व बैंक ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।*

### ऊर्जा परियोजनाएं विकसित करेगी एटीपीसी ग्रीन एनर्जी

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी (एनजीईएल) ने मध्यप्रदेश में 20 गीगावाट तक की परियोजनाएं विकसित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग करने हेतु मध्यप्रदेश बिजली उत्पादन कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के साथ समझौता किया है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एमपीपीजीसीएल और एनजीईएल एमपीपीजीएल के नवीकरणीय उत्पादन दायित्व और राज्य की डिस्कॉम (वितरण कंपनियों) के नवीकरणीय खरीद दायित्व को पूरा करने के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी के गठन के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगे।

**खास बातें**

- बोले, 10वीं-12वीं की परीक्षा, इसलिए लेट आया
- पहले दिन 22 लाख 50 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव आए
- मध्य प्रदेश में निवेश करने का यह सही समय



### मिडिल क्लास को सशक्त करने के कदम उठाए

सम्मलेन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चुनाव के समय मैंने कहा था कि अपने तीसरे टर्म में हम तीन गुना तेजी से काम करेंगे। ये आप साल 2025 के पहले 50 दिनों में देख रहे हैं। इसी महीने हमारा बजट आया है। इसमें मिडिल क्लास को एमपॉवर करने के कदम उठाए हैं। 12 लाख तक इनकम टैक्स फ्री की है। आरबीआई ने भी ब्याज दरें घटाई हैं।

### एमपी की 18 से अधिक नई नीतियां भी लॉन्च

पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की निवेश को प्रोत्साहित करने वाली 18 से अधिक नई नीतियां भी लॉन्च कीं। कार्यक्रम में प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं पर केंद्रित लघु फिल्म "मध्य प्रदेश-अनंत संभावनाएं" का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरते भारत पर केंद्रित लघु फिल्म "इंडिया ग्रोथ स्टोरी" का भी प्रदर्शन किया गया।

**खबर संक्षेप**

### केदारनाथ मंदिर की आमदनी हुई दोगुनी



**देहरादून।** चढ़ावे, दान और श्रद्धालुओं को दी गयी विभिन्न सेवाओं से केदारनाथ मंदिर की आय 2021 से दोगुनी से भी अधिक हो गयी है। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ने बताया कि 2020-21 में केदारनाथ मंदिर की आय 22.04 करोड़ रुपये थी जो 2023-24 में बढ़कर 52.9 करोड़ रुपये हो गयी। केदार के मंदिर की आय 2021-22 में कोविड-19 के दौरान घटकर 16.52 करोड़ रुपये रह गई थी। *एजेंसी*

### दो हादसों में 8 कुंभ यात्रियों की मौत



**जबलपुर ।** दो घंटे में दो बड़े हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई। तीन लोग घायल हैं। सभी लोग प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे थे। पहला हादसा संजीवनी नगर में देर रात 2 बजे हुआ। कार ट्रक में घुस गई। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा हादसा खितौला के पहरेवा बायपास पर सोमवार सुबह 4 बजे हुआ। एक जीप पेड़ को तोड़ते हुए रॉन्ग साइड पर चल रही बस से टकरा गई जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। *एजेंसी*



# पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 19वीं किस्त जारी

## हरियाणा के 16 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 360 करोड़ रुपये की राशि डाली गई

**देश के 9.8 करोड़ किसानों के खाते में 22 हजार करोड़ से अधिक रुपये ट्रांसफर किए झज्जर में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि के तहत देशभर के किसानों के खातों में 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत 9.8 करोड़ किसानों के खातों में 22 हजार करोड़ से अधिक रुपये ट्रांसफर किए गए। इसमें हरियाणा के 16 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 360 करोड़ रुपये की राशि डाली गई। जिला झज्जर में राज्य स्तरीय किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सभी जिलों में भी किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां कैबिनेट व राज्य मंत्रियों ने शिरकत की।

### किसानों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं : सैनी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लघु और सीमांत किसानों के आर्थिक हालात को समझते हुए 24 फरवरी, 2019 को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना का शुभारंभ किया। इसके तहत लघु और सीमांत किसानों को हर वर्ष 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। कृषि को और अधिक लाभकारी बनाने किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना, पशुधन बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना और परंपरागत कृषि विकास योजना आदि शुरू की हैं।

### किसान खेती में नवाचार और नई तकनीकों को अपनाएं

नायब सैनी ने किसानों का आह्वान किया कि खेती को व्यावसायिक रूप देने के लिए किसान खेती में नवाचार और नई तकनीकों को अपनाएं। अपने उत्पादों की मार्केटिंग स्वयं करें, तभी कृषि को और अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर भी कदम बढ़ाएं। संसाधनों का सही उपयोग कर अपनी खेती को समृद्ध बनाएं।

## जमीन के लालच में छोटे भाई की विधवा की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

**झज्जर।** शहर की प्रिया कॉलोनी में रविवार देर रात जमीन के लालच में एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई की विधवा पत्नी के सिर में तेजधार हथियार से वार कर हत्या कर दी। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवाने के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक महिला की पहचान करीब 48 वर्षीय सुनीता पत्नी बलबीर के तौर पर की गई है। मृतका का जेठ राजबीर मकान उसके नाम करवाने के लिए दबाव बना रहा था। लेकिन जब सुनीता ने मकान उसके नाम करवाने से मना कर दिया तो उसने वारदात को अंजाम दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी राजबीर ने भी जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसके कारण उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक भर्ती कराया गया है। मृतका की बेटी निशु पत्नी मनोज कुमार ने बताया कि करीब बीस वर्ष पूर्व उनके पिता बलबीर की दुर्घटना में मौत हो चुकी है। मेरा ताऊ मेरी मां को परेशान करता था।

**मकान नाम करवाने का दबाव बनाया**



**खुद भी निगला जहरीला पदार्थ, पीजीआई रेफर**

**मृतका की बेटी की शिकायत पर मामला दर्ज**

## दिल्ली में प्रदूषण स्तर में गिरावट आने पर ग्रैप-दो के प्रतिबंध हटे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की वायु गुणवत्ता से जुड़े केंद्र के पैनल ने अनुकूल मौसम संबंधी स्थितियों के कारण प्रदूषण स्तर में गिरावट आने के बाद सोमवार को क्रमिक प्रतिक्रिया कार्ययोजना के चरण दो (ग्रैप-2) से संबंधित प्रतिबंधों को हटा दिया। दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक शाम चार बजे 186 रहा, जो चरण दो के प्रतिबंधों को लागू करने के लिए जरूरी 300 अंक से काफी नीचे है। भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान का अनुमान है कि वायु गुणवत्ता सूचकांक मध्यम से खराब श्रेणी में रहेगा।

### अंतरराज्यीय बसों के दिल्ली में प्रवेश की मिली अनुमति

**औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 186 रहा**

एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने बेहतर वायु गुणवत्ता का श्रेय वेंटिलेशन गुणांक और 'प्रदूषकों के फैलाव के लिए बहुत अनुकूल स्थितियों' समेत अन्य कारकों को दिया। चरण 2 के प्रतिबंध हटने के साथ ही अब एनसीआर राज्यों से अंतरराज्यीय बसों के दिल्ली में प्रवेश की अनुमति मिल गई है। सर्दियों के दौरान, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में 'ग्रैप' के तहत प्रतिबंध लागू होते हैं, जो वायु गुणवत्ता को चार चरणों में वर्गीकृत करता है जिनमें चरण एक (खराब, वायु गुणवत्ता सूचकांक 201-300), चरण दो (बहुत खराब, वायु गुणवत्ता सूचकांक 301-400), चरण तीन (गंभीर, वायु गुणवत्ता सूचकांक 401-450), और चरण चार (अति गंभीर, वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 से ऊपर) शामिल हैं।

## पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर किडनी फेल होने के लक्षण

**रोम (एजेंसी)।** फेफड़ों में इन्फेक्शन के बाद से पोप फ्रांसिस की हालत गंभीर बनी हुई है। कैथलिक चर्च के हेडक्वॉर्टर वेटिकन के मुताबिक पोप की ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में किडनी फेल होने के लक्षण दिख रहे हैं। साथ ही प्लेटलेट्स की कमी का भी पता चला है। वेटिकन प्रेस ऑफिस ने कहा कि पोप को शनिवार रात से अस्थमा का कोई अटैक नहीं आया है, लेकिन अभी भी ऑक्सीजन का हाई फ्लो दिया जा रहा है। दुनियाभर में पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार के लिए प्रार्थना जारी है। पोप ने एक्स पर पोस्ट करके प्रार्थनाओं के लिए उनको धन्यवाद किया। कैथलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस (88 साल) फेफड़ों में इन्फेक्शन के कारण 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



ऑक्सीजन दी जा रही, प्लेटलेट्स घटीं

## पीएम का आह्वान, लड़ाई को मजबूत करें, इसे आंदोलन बनाएं

*आनंद महिंद्रा , उमर अब्दुल्ला और मनु भाकर जैसी हस्तियां शामिल*

# मोटापे के खिलाफ जागरूकता अभियान को 10 हस्तियां नामित

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को मोटापे के खिलाफ कैंपेन शुरू किया। उन्होंने इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों के 10 प्रमुख हस्तियों को नामित किया। इनमें जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा और मनू भाकर जैसी हस्तियों का नाम है। प्रधानमंत्री ने 23 फरवरी को मन की बात में मोटापे के खिलाफ कैंपेन शुरू करने की बात कही थी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं मोटापे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और भोजन में तेल की खपत को कम करने के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए कुछ लोगों को नामित करना चाहूंगा। मैं उनसे यह भी अनुरोध करता हूं कि वे भी आगे ऐसे 10 और लोगों को नामित करें ताकि हमारा आंदोलन बड़ा हो सके।''

### मन की बात में पीएम ने किया था जिक्र



**ये नाम शामिल**

मोदी ने जिन अन्य हस्तियों को नामित किया है उनमें भोजपुरी गायक-अभिनेता निरहुआ, निशानेबाज मनु भाकर, भारोत्तोलक मीराबाई चानू, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, अभिनेता आर माधवन, गायिका श्रेया घोषाल, दीपिका पादुकोण, अभिनेता मोहनलाल और सामाजिक कार्यकर्ता एवं सांसद सुधा मूर्ति के नाम शामिल हैं।

### जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव जरूरी : चानू

अभियान में शामिल हुई ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। मोटापे के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा नामित किए जाने पर बहुत खुशी है।







मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - **निफ्टी 50** (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या **निफ्टी 100** (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इसके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

## संतुलित विकास का रोडमैप तैयार : नायब सिंह सैनी

# भाजपा का संकल्प पत्र जारी, हर वर्ग पर फोकस, हरियाणा को चमकाने का वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को रोहतक में हरियाणा स्थानीय निकाय चुनाव-2025 के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का विमोचन किया। संकल्प पत्र में हर वर्ग पर फोकस करते हुए हरियाणा को चमकाने का वादा किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह संकल्प पत्र हरियाणा के विकास का रोडमैप है, जिसमें किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी और मजदूर सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संकल्प पत्र में शामिल विकास के 21 प्वाइंटों को मीडिया के सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 20 वर्षों से अधिक समय से भूमि पर काबिज परिवारों को भूमि और मकान का मालिकाना हक प्रदान करने पर केंद्रित है, जिससे उनकी विधिवत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की जा सके। स्वामित्व योजना के तहत नगर सीमा में आने वाले परिवारों को विशेष राहत दी जाएगी। महिलाओं के नाम पर दर्ज मकानों को 25 प्रतिशत हाउस टैक्स में छूट मिलेगी और अवैध कॉलोनियों को नियमित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली गांव की भूमि पर हाउस टैक्स का पुनर्गठन किया जाएगा और अधिग्रहित भूमि पर बने मकानों को विशेष टैक्स राहत दी जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर दिव्यांगों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी और पार्कों में योग के लिए समर्पित स्थान बनाए जाएंगे। संकल्प पत्र जारी करने के इस अवसर पर मोहन लाल बड़ौली, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।




### स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायता

स्मार्ट सड़कों का विकास सभी स्थानीय निकायों में किया जाएगा और छोटे व्यवसायों तथा स्ट्रीट वेंडर्स को वित्तीय सहायता दी जाएगी। औद्योगिक और रासायनिक कचरे के निस्तारण के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिससे शहरी विकास को टिकाऊ बनाया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया की बेहतर शासन के लिए, स्थानीय निकायों की समस्याओं का स्थायी समाधान लागू किया जाएगा, जिसमें आधुनिक सेवा केंद्रों की स्थापना शामिल होगी।

### आधुनिक पुस्तकालय बनाएंगे

टियर-2 और टियर-3 शहरों में उच्च गुणवत्ता वाली अध्ययन सामग्री के साथ आधुनिक पुस्तकालय बनाए जाएंगे। सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। महिलाओं के लिए निशुल्क सार्वजनिक शौचालय, सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और शिशु आहार कक्षों की व्यवस्था की जाएगी। सड़कों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाएगा। सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा और ऊर्जा कुशल स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। आवारा पशुओं क समाधान होगा।

### इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा देंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी परिवहन को आधुनिक बनाने के लिए इलेक्ट्रिक बसों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे स्वच्छ और सुलभ यातायात संभव हो सके। हर वार्ड स्तर पर ऑनलाइन सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे नागरिकों को डिजिटल सेवाओं की आसान उपलब्धता मिले। सभी शहरों में श्मशान घाटों के लिए समर्पित वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पार्किंग स्थलों का निर्माण होगा

यातायात समस्या के समाधान के लिए बहु-स्तरीय पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाएगा। गीले और सूखे कचरे के प्रभावी निस्तारण के लिए नए संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। नगर सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए, स्थानीय निकायों को विभिन्न करों और शुल्कों के निर्धारण की स्वायत्तता दी जाएगी, जिससे वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके और नागरिकों के लिए कर संरचना को संतुलित बनाया जा सके।

### पूर्व विधायक केहर सिंह रावत भाजपा में शामिल हुए

हरियाणा स्थानीय निकाय चुनाव-2025 संकल्प पत्र के विमोचन के बाद हथीन से इनेलो के पूर्व विधायक केहर सिंह रावत ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की लगातार बढ़ती लोकप्रियता से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। इस अवसर पर मंच पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली,पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर व अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## रोहतक में इस बार 23 कमल खिलेंगे : सैनी



**रोहतक।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को रोहतक में भाजपा से मेयर पद के प्रत्याशी राम अवतार वाल्मीकि के समर्थन में जनसभा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसभा में उमड़ी भीड़ को देखकर दावे के साथ कहता हूं कि रोहतक में इस बार 23 कमल खिलेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार रोहतक में भी बनेगी और यहां किसी भी तरह की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। सरकार तीन गुना तेज गति से काम करेगी। जनसभा के दौरान कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा ज्वाइन की है, इनमें से कोई नेता 30 साल से तो कोई 40 साल से कांग्रेस की सेवा कर रहा था। जनसभा के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा,भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर,राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा,पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हूडा और प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने भी संबोधित किया।

## कॉलेजों में लेक्चरर के पचास फीसदी पद खाली : सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि एक ओर सरकार नई शिक्षा नीति इसी सत्र से लागू करने जा रही है तो दूसरी ओर प्रदेश के सरकारी और मान्यता प्राप्त कॉलेज लेक्चरर की कमी से जूझ रहे हैं। अधिकतर जगहों पर अतिथि प्राध्यापकों और एक्सटेंशन लेक्चरर्स से काम चलाया जा रहा है। प्रदेश के कॉलेजों में करीब 50 प्रतिशत प्राध्यापकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं।


## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

### पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना है:

| क्र. सं. | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.03.2025 से 07.03.2025 | 5 | बागवानी योजनाएं व उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं पर प्रशिक्षण | 10 |

पाँच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेब साईट http:kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथिमकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No-8683801977) से सम्पर्क करें।

**प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-**

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:Kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 28.02.2025 शाम 02:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आवें।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:Kaushalhortharyana.gov.in पर दिनांक 28.02.2025 को शाम 04:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतू प्रार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द,
पीआरडीएच-1149/11/780/2025/32515/88/6 दि. 24.02.25 मुनीमपुर, झज्जर।


# सीईटी में देरी, एचएसएससी मंथन जुटा

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के लाखों युवाओं को सीईटी परीक्षा का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। नए साल 2025 की शुरुआत में कराए जाने वाली परीक्षा को लेकर अभी भी एजेंसी और तारीख तय नहीं हुई है। लेकिन प्रदेश के सीएम नायब सैनी अफसरों और आयोग चेयरमैन से इस बारे में विस्तार से चर्चा कर जल्द से जल्द इसे कराए जाने को कहा है।

अब मार्च अंत अथवा अप्रैल में कराए जाने की संभावना है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष हिम्मत सिंह भी आयोग के अफसरों के साथ में इसे जल्द से जल्द कराना चाहते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अफसरों के साथ चिंतन करने में जुटे हुए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने सीईटी (कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट) नए साल 2025 जनवरी अथवा फरवरी में कराने की बात प्रेस वार्ता के दौरान भी कही थी। उसके बाद भी इसमें लगातार देरी हो रही है। परीक्षा को अप्रैल अथवा मार्च अंत में ही कराए जाने को लेकर होमवर्क चल रहा है। लाखों युवाओं इस परीक्षा की इंतजार में हैं। गत तीन दिन पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में अहम बैठक की गई थी। जिसमें हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष हिम्मत सिंह और आला अफसर मौजूद रहे थे। मार्च के अंतिम सप्ताह अथवा अप्रैल में सीईटी की परीक्षा की तारीखों को लेकर विचार विर्मश भी हुआ। इस पर अंतिम मुहर नहीं लग सकी है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परीक्षा की तारीखों को अगर फाइनल कर भी लिया जाए तो परीक्षा कौन कराएगा इस पर फैसला नहीं हो सका है। तारीखों जिन पर विचार हुआ है, उसमें 28 और 29 मार्च अर्थात मार्च अंत में अथवा अप्रैल के दूसरे सप्ताह में 11 और 12 अप्रैल के बाद की तारीखों पर विचार हो रहा है।

### लगभग 25 सौ परीक्षा केंद्र बनेंगे

प्रदेश के लाखों परीक्षार्थियों को इसका इंतजार है। ऐसे में लगभग दो हजार से ज्यादा परीक्षा केंद्रों पर इसे कराए जाने की व्यवस्था करनी होगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने तीसरी श्रेणी अर्थात ग्रुप सी में लगभग 14 लाख और चौथी श्रेणी (ग्रुप डी) में 15 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों का पंजीकरण किए जाने की संभावनाएं बता रहा है। सरकार एक बार फिर से नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और नेशनल रिक्रूटिंग एजेंसी एनआरए से संपर्क करेगी । अगर परीक्षा के लिए इन एजेंसियों की ओर से सहमति मिल जाती है, तो ठीक है वर्ना उसके अलावा तीसरा विकल्प खुद हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग लिया परीक्षा आयोजित कर सकता है। खुद मुख्यमंत्री सीईटी की परीक्षा को लेकर गंभीर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने तारीखों को लेकर अफसरों को लगातार इसके आयोजन के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं।

### पोर्टल खोलने की तैयारी

आयोग द्वारा घोषणाओं में ग्रीवेंस रिड्रेसल पोर्टल खोले जाने का दावा किया था लेकिन अभी तक खोला नहीं जा सका है। आयोग अध्यक्ष का कहना है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पोर्टल भी तैयार है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष हिम्मत सिंह का कहना है कि इस दिशा में गंभीरता से कम कर रहे हैं, यह सच है कि अभी तक तक एक ही परीक्षा हुई है, आने वाले समय में जल्दी ही परीक्षा कराने की तैयारी की जा रही है। परीक्षा कराने के लिए कर्मचारी चयन आयोग की ओर से अपने कुछ अफसरों को भेजकर जिलों में जाकर फीडबैक लिया गया है।

# नेताओं की सुरक्षा की समीक्षा की जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा पंजाब हाई कोर्ट द्वारा वीवीआईपी की सुरक्षा व इस पर होने वाले भारी भरकम खर्च को लेकर चिंता जाहिर करने के बाद अब सुरक्षा को लेकर समीक्षा होने जा रही है। सूबे में सीआईडी की कमान संभालने नए चीफ इस पर चिंतन मंथन में जुटे हुए हैं। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा को लेकर सूची तैयार कर ली गई है। अब कुछ नेताओं, अफसरों व अन्य की सुरक्षा में कटौती की तैयारी हो गई है। यहां पर बता दें कि सूबे की नायब सैनी सरकार ने पिछले दिनों आलोक मित्तल के स्थान पर सौरभ सिंह को सीआईडी का चीफ तैनात किया है। सूबे में वीआईपी की सिक्योरिटी की समीक्षा का काम लंबे अर्से से नहीं हुआ है।नए सीआईडी प्रमुख सौरभ सिंह ने वीआईपी की सुरक्षा की समीक्षा की कार्ययोजना तैयार कर ली है। जिलों से इस बारे में फीडबैक लिया गया है। इस तरह के नेताओं को चिन्हित कर लिया गया है, जिनको सुरक्षा की जरूरत है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | चरखी दादरी में एनवीएम में मासाखोर के लिये शैड के प्लेटफॉर्म पर सीसी का प्रावधान और चरखी दादरी में एनजीएम कॉलम्स सहित कवर्ड शैड (9 बेज और 24 मी. स्पैन) का निर्माण। | बंद होने की तिथि 03.03.2025 | 89.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32510/I/88/6 दि. 24.02.25

## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | MEMONO.CH.07/NITNO. 14/2024-25/XEN/TS/RTK DATED 30.01.2025(ONLINE TENDERID:2025_HBC_428699_1 | शुद्धिपत्र-03. 132 केवी सब स्टेशन, एचवीपीएनएल, रोहतक में रोड कार्पेटिंग का प्रावधान व बिछाना। ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 03.03.2025 (13.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | DNIT NO.106433 DATED 27.12.2024(EPC-D NO.125/PD&C) | शुद्धिपत्र-4 के खुलने की तिथि 22.02.2025 है, सहित ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 28.02.2025 17:00 बजे तक। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32509/I/88/6 दि. 24.02.25

## राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम- "मिनी रत्न" कम्पनी)
बीज भवन, पूसा परिसर, नई दिल्ली-110012 (भारत)
CIN: U74899DL1963GOI3913

### ई-निविदा सूचना

एनएससी/उत्पादन/फार्म/2024-25

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड (एनएससी), **भारत सरकार का उपक्रम "मिनी रत्न" कंपनी)** राजस्थान राज्य के श्री गंगानगर जिले में अपने केंद्रीय राज्य फार्म **सूरतगढ़ और सरदारगढ़** में नैपियर घास के उत्पादन के लिए इच्छुक कंपनी/एफपीओ/स्वामित्व फार्म/सहकारी/साझेदारी फर्म से ई-निविदा आमंत्रित करती है।
ई-निविदा **(NIT_10613)** जमा करने की अंतिम तिथि 07/03/2025 है। ई-निविदा के अधिक विवरण और अन्य अपडेट जानकारी के लिए कृपया एनएससी की वेबसाइट www.indiaseeds.com पर देखें।

सहायक महाप्रबंधक (उत्पादन) फार्म

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | 1 वर्ष के लिए एमसी सोनीपत के तहत रेलवे लाइन पर पश्चिमी साइड में सभी प्रकार से पूर्ण मशीनरी उपकरणों के रखरखाव सहित जल गुणवत्ता की फिटकरी और क्लोरीनेशन साप्ताहिक नमूना रिपोर्ट, ब्लीचिंग के दैनिक उपभोग सहित जल गुणवत्ता का रखरखाव, उसके मौजूदा स्तर पर सीसी सहित भूमि सतह की रिस्टोरिंग और वॉल्व, पाइप्स (सभी डाया) के सभी लीकेज को सुधाने समेत सभी बूस्टर, नलकूप और जलघरों का प्रचालन व रखरखाव + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.03.2025 | 4.86 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 EE2MCS@GMAIL.COM |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/80/32511/I/88/6 दि. 24.02.25



## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank — पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 07 मार्च 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : अग्रोहा | |
| 093362004467 | विनोद |
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003321 | सोहन लाल |
| शाखा का नाम : बहादुरगढ़ | |
| 046105002100 | मोहित |
| शाखा का नाम : भूना | |
| 383262001652 | राम कला |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी | |
| 102505006504 | तजिन्दर जायसवाल |
| शाखा का नाम : गोहाना | |
| 062762002365 | कृष्ण कुमार |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - न्यू रेलवे रोड | |
| 424405001044 | नवदीप |
| 424462001017 | शशि कांत शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - पारस ट्रीनिटी | |
| 724105000306 | स्वाति शर्मा |
| 724105000307 | स्वाति शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | |
| 085862002066 | पूजा एन |
| 085805003053 | वैभव गुप्ता |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-82 | |
| 387562000638 | बोलेम के चांद पवन कुमार |
| शाखा का नाम : हेली मण्डी | |
| 282662000197 | जोगिन्दर सिंह एनए |
| शाखा का नाम : इन्द्री, हरियाणा | |
| 359605003340 | विपन कुमार |
| शाखा का नाम : इसराना | |
| 211762001109 | प्रदीप* |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396805001380 | करिश्मा |
| 396805001433 | करिश्मा |
| शाखा का नाम : कोसली | |
| 451562000094 | विक्रम विक्रम |
| शाखा का नाम : महेन्द्रगढ़ | |
| 219562001455 | मि. महेन्द्र |
| शाखा का नाम : मण्डी डबवाली | |
| 197862006880 | अंग्रेज सिंह |
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062002313 | संदीप* |
| शाखा का नाम : नारनौंद | |
| 381862000205 | प्रदीप कुमार |
| शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-11 | |
| 004362007612 | अमन ग्रोवर |
| शाखा का नाम : रोहतक - औद्योगिक क्षेत्र | |
| 342205000896 | बृजेश बृजेश |
| शाखा का नाम : सिरसा | |
| 073362002413 | प्रवीना रानी |
| शाखा का नाम : टोहाना | |
| 282862000960 | सुनील* |
| शाखा का नाम : तोशाम | |
| 419005000786 | शर्मिला शर्मिला |
| शाखा का नाम : बेतियाह | |
| 071162004561 | राजीव कुमार पांडे |
| शाखा का नाम : मोतीहारी | |
| 133462006058 | अरुण कुमार |

दिनांक : 25.02.2025
स्थान : गुरुग्राम, हिसार, करनाल, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, फतेहाबाद, फरीदाबाद, भिवानी, पंचकूला, झज्जर, महेन्द्रगढ़, पानीपत, रेवाड़ी, हरियाणा

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु बोले

# किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित हुई किसान सम्मान निधि

### योजना की ऐतिहासिक उपलब्धियां

- अब तक देशभर के करोड़ों किसानों को इस योजना का लाभ मिला है।
- अरबों रुपये से अधिक की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा की जा चुकी है।
- छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय सहायता देकर उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है।
- बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर डीबीटी के माध्यम से किसानों को सीधा लाभ दिया जा रहा है।
- ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में योजना की अहम भूमिका रही है।

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के छह वर्ष पूरे होने पर हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने इसे किसानों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने और उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पीएम-किसान योजना ने देश के करोड़ों किसानों को सीधा और पारदर्शी वित्तीय लाभ पहुंचाया है। किसानों को 6,000 रुपये वार्षिक सहायता मिलने से उनकी कृषि संबंधी जरूरतें पूरी हुई हैं, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ी है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के किसान हितैषी दृष्टिकोण और सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि हरियाणा सहित पूरे देश में इस योजना का व्यापक असर देखने को मिला है। किसानों को समय पर सहायता मिलने से वे अपनी कृषि लागत को पूरा करने, उन्नत तकनीकों को अपनाने और आधुनिक खेती की ओर बढ़ने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने आगे कहा कि "यह योजना न केवल किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बनी है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाना ही देश को आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़ाया गया एक कदम है।"

### किसानों के लिए और मजबूत योजनाओं की जरूरत

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सरकार को किसानों के लिए ऐसी योजनाएं और बढ़ानी चाहिए, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हो और वे कृषि के आधुनिक तौर-तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हों।



पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु

उन्होंने यह भी कहा कि खेती को लाभकारी बनाने के लिए नई कृषि तकनीकों, सिंचाई सुविधाओं और बाजार तक सीधी पहुंच की दिशा में भी तेजी से कार्य होना चाहिए। अंत में, कैप्टन अभिमन्यु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कृषि मंत्रालय और सभी संबंधित विभागों को इस योजना के सफल संचालन के लिए बधाई दी और आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में यह योजना और अधिक प्रभावी ढंग से किसानों की समृद्धि में योगदान देती रहेगी।


## कार्यालय जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी

### वर्ष 2025-26 के लिए परिवहन व श्रम एवं दुलाई कार्यों हेतु ई-निविदा सूचना

एसडीएम, चरखी दादरी की अध्यक्षता के तहत खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, एफसीआई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी के सम्बन्ध में निविदा कमेटी की उपस्थिति में निम्नलिखित तिथियों को वर्ष 2025-26 हेतु चरखी दादरी मण्डी, बाढड़ा मण्डी, झोझू कलां मण्डी, बोंद कलां मण्डी, बधवाना मण्डी, चप्पार मण्डी, कादमा मण्डी, बेरला मण्डी हेतु परिवहन कार्य और श्रम एवं ढुलाई कार्य तथा कोहलावास (स्टोरेज प्वाइंट) में श्रम कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं :-

| कार्य | निविदा जारी / आमंत्रण | निविदा की अन्तिम तिथि | तकनीकी बोली का खुलना और दस्तावेज की जांच | वित्तीय बोली का खुलना और नेगोसिएशन एवं अन्तिम रूप देना | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवहन | 24-02-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 03-03-2025 अप. 5.00 बजे | 04-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 06-03-2025 अप. 2.00 बजे | डीएफएससी कार्यालय, चरखी दादरी |
| श्रम एवं ढुलाई | 24-02-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 03-03-2025 अप. 5.00 बजे | 04-03-2025 पूर्वा. 9.00 बजे | 06-03-2025 अप. 2.00 बजे | डीएफएससी कार्यालय, चरखी दादरी |

1. निविदा प्रपत्र और विस्तृत नियम एवं शर्तें इस विभाग की वेबसाइट अर्थात http://etenders.hry.nic.in, http://haryanafood.nic.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
2. किसी पूछताछ / समस्या के मामले में, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी, जिला प्रबंधक, हैफेड और अधिप्राप्ति करने वाली एजेंसियों के एचडब्ल्यूसी से सम्पर्क किया जा सकता है।
3. मार्केटिंग सीजन वर्ष 2024-25 हेतु रबी और खरीद के दौरान खरीदे गये गेहूं, धान, खाद्य अनाज, दालें, सरसों, बाजरा, मोटा अनाज और अन्य वस्तुओं के अधिप्राप्ति आंकड़े (यदि आवश्यक हो), सम्बद्ध एजेंसी से किसी भी कार्यदिवस को प्राप्त किये जा सकते हैं।
4. जिला निविदा कमेटी बिना कोई कारण बताए किसी / सभी निविदाओं को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखती है। निविदा कमेटी द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात, किसी प्रचालन हेतु दर की आगे बढ़ौतरी के लिये कोई आग्रह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

संजीव कुमार,
पीआरडीएच-1042/11/43/2025/32495/88/6 दि. 24.02.25 जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, चरखी दादरी



## विषय वस्तु विशेषज्ञ के कार्यालय, सीओई, मुनीमपुर (झज्जर) में मिनी ट्रैक्टर हेतु उपकरणों की खरीद के लिये उद्धरण आमंत्रण हेतु शुद्धिपत्र सूचना

फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) मिनी ट्रैक्टर (महिन्द्रा JIVO 245) और इलैक्ट्रिक पावर स्प्रे पम्प हेतु उपकरणों की खरीद के लिये पंजीकृत कम्पनियों / आपूर्तिकर्ताओं / सेवाप्रदाता एजेंसियों से इस वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु मोहरबंद उद्धरण आमंत्रित करता है।

**उपकरणों/पम्प के विवरण निम्नानुसार हैं :-**

| क्र. सं. | उपकरणों/ पम्प का नाम | विशिष्टि | मात्रा | मूल्य (सभी पात्र करों समेत) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हैरो | 8 डिस्क, लगभग वजन 250 कि.ग्रा. | 1 | |
| 2. | लेवलर | लगभग वजन 100 कि.ग्रा. | 1 | |
| 3. | पावर स्प्रेयर | इलैक्ट्रिकल पावर प्रैशर स्प्रेयर : **पम्प :-** इंजन रेटेड पावर - 3-4.5 एचपी; पम्प स्पीड :- 800-1200 आरपीएम; आउटपुट प्रैशर - 10-40 कि.ग्रा./सेमी.; सक्शन वॉल्यूम - 10-12 ली./मिन. **मोटर :-** पावर-2 एचपी (आईएसआई मार्क) सहित पम्प के साथ जोड़ने के लिए डबल बैल्ट **एक्सेसरीज :-** होज पाइप-60 मी. (30 मी. प्रत्येक के 2 बंडल। जो इंटरकनेक्टेड किये जा सके) स्प्रे गन :- एडजस्टेबल नोजल्स सहित। *टिप्पणी - इलैक्ट्रिकल स्प्रे पम्प और मोटर को हैवी ड्यूटी आयरन फ्रेम पर स्थापित किया जाना है। | पूर्ण असैम्बली | |

**नियम एवं शर्तें :-**

1. बोलीदाता सभी सम्बन्धित अपेक्षित दस्तावेज अर्थात पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट और अन्य कर (जो लागू हो) प्रदान करेंगे।
2. बोलीदाता सुनिश्चित करेंगे कि उपकरणों को बनाने में उपयोग की जाने वाली सामग्री बढिया गुणवत्ता की अवश्य होनी चाहिए।
3. बोलीदाता सुनिश्चित करेंगे कि उपकरणों की आपूर्ति और डिलीवरी से पहले पेंट अवश्य किया जाना चाहिए।
4. बोलीदाता एकल उपकरण अथवा पम्प हेतु बोली दे सकते हैं।
5. बोलीदाता को फूलों की खेती और बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) में उपकरणों की आपूर्ति और डिलीवरी करनी होगी।
6. मोहरबंद उद्धरण एसएमएस के कार्यालय, सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में दिनांक 06.03.2025 दोपहर 12.00 बजे तक या इससे पूर्व जमा करवाएं/पहुंच जाने चाहिएं।
7. उद्धरण तब तक वैध है जब तक की सभी वर्णित उपकरणों हेतु निविदा प्रक्रिया को अन्तिम रूप नहीं दिया जाता।
8. अधिक विवरण हेतु 9671627548, 8683801977 पर सम्पर्क करें अथवा coemunimpur@gmail.com पर मेल करें।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ
पीआरडीएच-1149/11/779/2025/32514/88/6 दि. 24.02.25 सीओई, मुनीमपुर, झज्जर

**खबर संक्षेप**

### हिसार-नई दिल्ली ट्रेन 6 मार्च तक रद

**भिवानी।** हिसार-नई दिल्ली ट्रेन 54423/24 महाकुंभ 2025 के दौरान परिचालिक कारणों से अब 6 मार्च तक रद रहेगी। दैनिक रेल यात्री एंड जन कल्याण संघ के सदस्य संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि महाकुंभ 2025 का अंतिम स्नान भी फरवरी में हो जाएगा उसके बाद भी ट्रेनों को 6 मार्च तक रद करना समझ नहीं आ रहा है ।इसके अलावा जींद - हिसार और रेवाड़ी-दिल्ली ट्रेनों को भी लगातार रद्द किया जा रहा है।

### फॉर्नर एक्ट के उल्लंघन पर होटल संचालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** सेक्टर-50 थाना पुलिस ने होटल में विदेशी नागरिक ठहराने पर होटल संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने बिना पुलिस को सूचित किए आरोपी को ठहराया हुआ था।थाना सेक्टर-50 की पुलिस टीम को सूचना मिली कि एक होटल संचालक ने अपने होटल में एक विदेशी नागरिक को ठहराया हुआ है और इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी थी। जिस पर पुलिस ने मौके पर रेड मारी और होटल संचाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान प्रवेश निवासी सेक्टर-51, गुरुग्राम के रूप में हुई है। आरोपी होटल संचालक के खिलाफ थाना सेक्टर-50 में फॉर्नर एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया।

### कैंटर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। मजदूर रविवार की सुबह अपनी डयूटी के लिए धारुहेड़ा स्थित एक बिल्डर कंपनी में जा रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। मजदूर का नाम शहनवाज आलम बताया जा रहा है।

### अवैध शराब की खेप के साथ युवक गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** थाना पालम विहार की पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमित उर्फ छोटू निवासी विक्रमगंज, बिहार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना पालम विहार में एक्साइज एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।

# कैथल से असंध जा रही रोडवेज बस पलटने से 12 यात्री घायल, राहगीरों ने शीशे तोड़कर बाहर निकाला

**बस में 65 यात्री सवार थे, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद/कैथल

सोमवार को किच्छाना गांव के पास सोमवार दोपहर के समय कैथल-असंध मार्ग पर कैथल से असंध जा रही रोडवेज की एक बस पहिया धंसने से सड़क से उतरकर खेतों में पलट गई। इस हादसे में करीब 12 यात्रियों को चोटें आई हैं। जानकारी अनुसार रोडवेज की बस दोपहर करीब डेढ़ बजे कैथल से अंसध की तरफ जा रहा रही। इस बस में करीब 65 यात्री सवार थे। बस के पलटने के बाद यात्रियों में भय का माहौल पैदा हो गया, लेकिन गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान जब बस किच्छाना गांव के पास पहुंची तो अचानक बस सड़क से नीचे कच्चे रास्ते में उतर गई।

बस पलटने के तुरंत बाद आस पास के लोग मदद के लिए दौड़े और घायल यात्रियों को बाहर निकाल उन्हें कैथल के जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। बस पलटने की सूचना मिलते ही तितरम थाना प्रभारी व डायल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। बस के पलटने की मुख्य वजह सड़क का तंग होना बताया जा रहा है। इस हादसे में सभी घायलों की हालत अभी ठीक बताई जा रही है। उधर, इस बस हादसे में घायल यात्रियों ने चालक पर लापरवाही से बस चलाने का आरोप लगाया है।



यात्रियों का कहना था कि जाखौली से आगे किच्छाना के पास सड़क टूटी हुई है। सड़क टूटने के बावजूद चालक ने बस को तेज गति से चलाया। इसके चलते दो दिन पहले ही हुई बारिश के कारण सड़क और अधिक खराब थी। इस कारण बस का पहियां धंस गया। यात्रियों ने चालक पर नशे में बस चलाने का भी आरोप लगाया। वहीं, पुलिस की ओर से भी जांच शुरू कर दी गई है। तितरम थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में अभी तक किसी यात्री ने शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिली तो आगामी कार्रवाई की जाएगी।



**शराब पीकर बस चलाने का आरोप**

हालांकि हादसे के बाद बस का ड्राइवर मौके से फरार है, लेकिन हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल पहुंचे यात्रियों ने उस पर शराब पीकर बस चलाने के आरोप लगाए हैं। यात्रियों ने बताया कि ड्राइवर नशे में था और कैथल से निकलते ही टेढ़ी-मेढ़ी बस चला रहा था। कुछ लोगों ने उसे टोका भी, लेकिन वह कहता रहा कि बस को ठीक चला रहा है।



**ये यात्री हादसे में घायल** : बस हादसे में ईस्माइलाबाद निवासी 70 वर्षीय सुरेश कुमार, पानीपत निवासी 50 वर्षीय रोशनी देवी, पानीपत निवासी 19 सोनू व 50 वर्षीय कृष्णा, धरौदी गांव निवासी 28 वर्षीय संजू व चार वर्षीय दीपांशु, एक वर्षीय यांशू, पांच वर्षीय प्रीति और 60 वर्षीय बुजुर्ग भीम, मंढवाल निवासी 35 वर्षीय सुरजीत कौर व बीरबांगड़ा निवासी 57 वर्षीय कृष्णा देवी घायल, 50 वर्षीय रोशनी घायल हुई है।

# किरयाने की दुकान में लगी आग, दम घुटने से व्यापारी की मौत, बेटा गंभीर

## अनाज मंडी में दुकान के ऊपर बने कमरे में सो रहे थे दोनों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया
■ युवक पीजीआई रोहतक रेफर

रविवार देर रात करीब पौने एक बजे पुरानी अनाजमंडी स्थित एक किरयाना की दुकान (ड्राईफ्रूट) में आग लग गई। आग से दुकान के ऊपर बने रिहायश फ्लैट में सो रहे बाप बेटा बुरी तरह से झुलस गए। बात की मौके पर मौत हो गई,जबकि पुत्र को गंभीर हालत में दाखिल करवाया गया है। जानकारी के अनुसार रात को करीब पौने एक बजे हीरा लाल (75) व उसका बेटा जितेंद्र (38) ऊपर बने कमरे में सो रहे थे। अचानक नीचे दुकान में आग लग गई। आग की लपटें तेजी पकड़ते हुए ऊपर बने कमरे को भी अपने आगोश में ले लिया। पड़ोसियों ने तत्काल फायरब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल का दस्ता मौके



पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। आग की लपटें थोड़ी सी शांत हुई तो दमकल कर्मचारी कमरे में घुसे तो हीरा लाल दम तोड़ चुका था और पुत्र जितेंद्र झुलसी हालत में था। माना जा रहा है पिता हीरालाल की दम घुटने से मौत हुई है। हालांकि स्पष्ट तो पोस्टमार्टम के बाद ही हो पाएगा,लेकिन अभी अनुमान लगाए जा रहे है। दूसरी तरफ आग से झुलसे जितेंद्र को तत्काल सामान्य अस्पताल पहुंचाया गया । जितेंद्र की हालत गंभीर होने की वजह से चिकित्सकों ने रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पानीपत में कंबल फैक्ट्री में अचानक आग लगी

**इसराना।** पानीपत के गाव परढाना में गोल्डन टेक्सो की कंबल बनाने वाली फैक्ट्री में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। आग से गोदाम में रखा तैयार और कच्चा माल दोनों ही जल गए। इससे कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग का पता तब चला, जब सुबह कर्मचारी यहां पहुंचे। फायर ब्रिगेड ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्टरी में फाइबर के कंबल तैयार किए जाते हैं। फैक्ट्री के गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ। इधर, दमकल की जांच में पता चला कि फैक्ट्री की केबल में आग लग गई है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखे तैयार माल और कच्चे माल तक पहुंच गई। फैक्ट्री की अपनी दो फायर ब्रिगेड गाड़ियों से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। जब यह प्रयास सफल नहीं हुआ, तो पानीपत फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।

# 3000 रिश्वत लेता सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने घर में घुसने के मामले को रफा दफा करने की एवज में 3000 की रिश्वत लेते पटियाला चौक चौकी के एक सब इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते काबू किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम मामले की जांच कर रही है।

पटियाला चौक निवासी चेतन ने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी शिकायत में बताया कि उसके भाई संदीप के खिलाफ घर में घुसने की शिकायत पटियाला चौक चौकी में दी गई थी। मामला रफा दफा करने की ऐवज में सब इंस्पेक्टर पवन 3000 रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने इंस्पेक्टर दिनेश के नेतृत्व में छापामार दल का गठन किया। जिसमें राजपत्रित अधिकारी के तौर पर मार्केटिंग बोर्ड के एसडीओ नितिन को शामिल किया गया। टीम ने शिकायतकर्ता को 500-500 के 6 नोट दे दिए । शिकायतकर्ता ने जैसे ही पटियाला चौक चौकी में रिश्वत की राशि सब इंस्पेक्टर पवन को दी तो इशारा मिलते ही एंटी करप्शन ब्यूरो ने उसे काबू कर लिया। पवन के हाथ धुलवाए जाने पर पानी का रंग भी लाल हो गया। ब्यूरो ने पवन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**एंटी करप्शन ब्यूरो ने रंगे हाथ दबोचा**

एंटी करप्शन ब्यूरो के इंस्पेक्टर दिनेश ने बताया कि पटियाला चौक चौकी के सब इंस्पेक्टर पवन को 3000 रिश्वत लेते हुए काबू किया गया है। फिलहाल पवन से पूछताछ की जा रही है।

# बदरपुर में पहले खटखटाया घर का दरवाजा, फिर छाती में मारी गोली

■ सोमवार अल सुबह वारदात, पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज

**लाडवा।** गांव बदरपुर में सोमवार सुबह लगभग साढ़े 6 बजे दो नकाबपोश युवकों ने घर से बाहर निकलते एक व्यक्ति को गोलियां मार दी। जो सडक पर गिर गया व गंभीर रूप में घायल हो गया। जिसको लाडवा के सरकारी अस्पताल में लाया गया, जहां से उसे इलाज के बाद कुरुक्षेत्र एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया। मौके से मिली जानकारी के अनुसार लगभग साढ़े 6 बजे दो युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गांव बदरपुर में गोली लगने वाले जयप्रकाश के घर से कुछ दूरी पर खड़े थे, उनमें से एक युवक ने आकर जयप्रकाश के घर का दरवाजा



जांच करने के लिए पहुंचे जिला एसपी।

खटखटाया और जैसे ही दरवाजा जयप्रकाश ने खोला तो तुरंत नकाबपोश युवक ने उसकी छाती में गोली मार दी और दोनों युवक मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। घायल जयप्रकाश की पत्नी निर्मला देवी ने बताया कि उनके परिवार की किसी के साथ भी कोई दुश्मनी नहीं है, न जाने वह नकाबपोश दो युवक कौन थे। जिन्होंने उनके पति की छाती में आकर गोली मार दी। घटना की सूचना मिलते ही लाडवा डीएसपी रणधीर सिंह व थाना प्रभारी कुलदीप सिंह अपने टीम के साथ गांव बदरपुर पहुंचे व घर का मुआयना किया। वहीं उन्होंने पूरी तरह से घर व आसपास की छानबीन की। लाडवा थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने कहा कि घायल जयप्रकाश की पत्नी निर्मला देवी की शिकायत पर दोनों ही अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि हमलावर किसी भी सूरत में बक्शे नहीं जाएंगे।

**सीसीटीवी कैमरे खराब मिले**

घटना स्थल जयप्रकाश के घर के सामने ही गांव का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय है। जिसके गेट पर लगभग तीन सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जहां पर पुलिस की टीम ने जाकर सीसीटीवी कैमरा की फुटेज कंगालने का प्रयास किया तो पाया कि तीनों ही कैमरे खराब पड़े हैं और बंद है। उनके अंदर किसी भी अज्ञात व्यक्ति की कोई भी फोटो नहीं आई। इसके अलावा दूर तक कोई भी सीसीटीवी कैमरा नहीं है। वहीं जिला पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने सोमवार सुबह दस बजे घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि जयप्रकाश की पत्नी निर्मला देवी का कहना है कि उनके किसी के साथ कोई रंजिश नहीं है, उनके पति को कौन गोली मार गया है, इसके बारे में कोई जानकारी उन्हें नहीं है।

# रिटायर्ड फौजी ने लाइसेंसी हथियार से खुद को गोली मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव सिलोठी निवासी एक रिटायर्ड फौजी ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वर्तमान में आईटीआई के नजदीक रहने वाले मुकेश ने अपने ही खेत में जाकर खुद को अपने ही लाइसेंसी हथियार से गोली मार ली।

**एफएसएल टीम पहुंची :** सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।बता दें कि गांव सिलोठी निवासी मुकेश सेना से रिटायर होने के बाद डीएससी से भी रिटायर हो चुका था। फिलहाल वह बहादुरगढ़ आईटीआई के नजदीक घर बना कर रह रहा था। सोमवार दोपहर के समय मुकेश घर से अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकला था। इस दौरान वह अपनी लाइसेंसी दुनाली भी साथ लेकर गया था।

**हड़कंप मचा**

**मानसिक तनाव से ग्रस्त था गांव सिलोठी निवासी मुकेश, पुलिस ने मौके से जुटाए साक्ष्य**

**ये बोले परिजन**

परिजनों ने बताया कि वह जाते-जाते वह घर वालों को आवाज देकर गया था कि वह मरने जा रहा है। जिसके बाद परिवार वालों ने उसे फोन करने का भी प्रयास किया। मगर मुकेश ने कोई जवाब नहीं दिया। बाद में मुकेश का शव उसके पैतृक गांव सिलोठी में उसी के खेतों में पड़ा हुआ मिला। शव के पास ही उसकी लाइसेंसी दुनाली भी पड़ी हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

# बावल में थार सवार युवकों ने दिनदहाड़े युवती का अपहरण किया, विरोध करने पर परिजनों से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

बावल क्षेत्र के एक गांव से थार गाड़ी में आए चार-पांच युवक अपनी बुआ के घर आई हुई युवती का अपहरण कर ले गए। विरोध करने पर युवती की बुआ व उसके परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। परिवार के कुएं पर बने मकान में रहने के कारण आसपास ग्रामीण भी नहीं थे। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती व आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।नारनौल के नांगल चौधरी के पास एक गांव निवासी 23 वर्षीय युवती अपनी बुआ के गांव आई हुई थी। युवती का बावल क्षेत्र के समीप ही एक गांव में रिश्ता तय किया हुआ है। कुछ दिन बाद उसकी शादी तय की हुई है। युवती कुछ दिनों से अपनी बुआ के घर ही रह रही थी। सोमवार सुबह एक थार गाड़ी युवती के बुआ के ट्यूबवेल पर बने घर से कुछ दूरी पर आकर रुकी। उसमें चार चार युवक उतरकर घर की ओर चले गए।



**रेवाड़ी।** परिजनों के बयान दर्ज करते पुलिस कर्मचारी।

## बुआ के घर आई हुई थी, शादी तय हो चुकी थी

इन युवकों ने युवती को जबरन गाड़ी में डालने का प्रयास किया। इसी दौरान युवती की बुआ और परिजनों ने युवकों का विरोध शुरू कर दिया। परिजनों के अनुसार लाठी-डंडों से लैस युवकों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने घर में घुसकर जान बचाई। आरोपी युवती गाड़ी में बैठाकर फरार हो गए। चूंकि परिवार कुएं पर बने मकान में रह रहा है, इसलिए मदद के लिए ग्रामीण भी मौके पर नहीं मिले।घटना की सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस व सीन ऑफ क्राइम टीम से नीतू शर्मा, ललित व सुरेश यादव ने भी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद**

घटना की सूचना मिलने के बाद बावल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज में थार गाड़ी के पंजीकरण नंबर नजर आए हैं, जिनके आधार पर युवती व आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा होने की बात से भी इनकार नहीं किया है। दिनदहाड़े युवती के अपहरण की घटना से ग्रामीणों में भी रोष देखने को मिल रहा है।

**आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा**

एसएचओ संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अपहरण का केस दर्ज करने के बाद युवती व आरोपियों का पता लगाने के प्रयास कर रही है। जल्द ही युवती का पता लगा लिया जाएगा। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जिस तरह के बयान दर्ज होंगे, उसी आधार पर पुलिस आगामी कार्रवाई अमल में लाएगी

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर बिक रही थी प्रतिबंधित दवाएं प्रशासन ने सील किया



**करनाल।** एफडीए, करनाल-1 के औषधि नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एमटीपी किट और दोहरे उपयोग वाली प्रिसक्रिप्शन दवाओं (एनडीपीएस) की वस्तुओं की अवैध बिक्री/स्टॉक की जांच करने के लिए कैथल रोड, करनाल के स्टार्टिंग फ्लाईओवर के पास, शॉप नंबर 3 पर स्थित फर्म मेसर्स प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का दौरा किया गया। फर्म के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि फर्म एनडीपीएस वस्तुओं की अवैध बिक्री में लिप्त थी। फर्म ने 33 से अधिक एनडीपीएस दवाओं का खरीद रिकॉर्ड दिखाया, लेकिन कोई बिक्री रिकॉर्ड नहीं दिखाया। इसलिए अपराध को आगे बढ़ाने/एनडीपीएस वस्तुओं की अवैध बिक्री को रोकने के लिए परिसर को सील कर दिया गया।

## साइबर ठगी के आरोप में नाबालिग सहित 27 काबू

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम पुलिस ने देश भर से 157.90 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में एक नाबालिग सहित 27 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंस्टाग्राम पर फेक आईडी बनाकर लोगों से धोखाधड़ी करके, निवेश के नाम फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, केवाईसी से संबंधित फ्रॉड और टास्क बेस्ड फ्रॉड से ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों से 17 मोबाइल फोन, तीन सिम कार्ड व दो डेबिट कार्ड बरामद किए हैं।एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों में कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम ईस्ट थाना पुलिस टीम ने आरोपी शशांक पूनिया, पुष्पेंद्र सिंह, अंकित, कामरान श्रवण कुमार, चांद शाह व अन्य को काबू किया।



# शर्मनाक : पाकिस्तानी टीम के लिए नहीं मिल रहे प्रायोजक, हार से गिरी 'ब्रांड वैल्यू'

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान क्रिकेट एक बार फिर मुश्किल में है और इस बार चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम के लिए प्रायोजक जुटाना भी सत्ताधारियों के लिए चुनौती बन सकता है। पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी भारत ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया जिससे मेजबान टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर पहुंच गई। भारत से हारने से एक दिन पहले ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच के लिए गद्दाफी स्टेडियम में लोगों की शानदार भीड़ को देखकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी आत्मविश्वास से भरे हुए थे।

### पीसीबी के लिए चुनौती

बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'लोगों की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान से इतर मैच का आनंद लेते देखना एक उत्साहवर्धक अनुभव था। लेकिन अब चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि पाकिस्तान में बचे हुए मैचों के लिए दर्शकों की भीड़ आती रहे क्योंकि हम 29 साल बाद इतने बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं।'



**पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर**

1996 के विश्व कप के बाद पाकिस्तान में आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का पहला टूर्नामेंट है और उम्मीद थी कि घरेलू टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। सोमवार को न्यूजीलैंड की जीत का मतलब है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान दोनों ही टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर

बोर्ड के वाणिज्यिक इकाई के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में नहीं भी खेलता है तो भी पीसीबी को वित्तीय रूप से कोई बड़ा झटका नहीं लगेगा क्योंकि केवल गेट पर्ची और मैदान की आय के अन्य स्रोत ही प्रभावित होंगे। लेकिन संकटग्रस्त टीम की 'ब्रांड वैल्यू' पर असर पड़ने वाला है। उन्होंने कहा, 'हमें मेजबानी शुल्क, टिकट बिक्री सहित आईसीसी राजस्व में हमारा हिस्सा मिलने की गारंटी है, लेकिन अन्य मुद्दे भी हैं जैसे कि लोगों का इस बड़े टूर्नामेंट में रुचि खत्म होना और प्रसारणकर्ता द्वारा आधे भरे हुए स्टेडियम दिखाना आदि। और सबसे बड़ी चिंता यह है कि यहां क्रिकेट के प्रति दीवानगी के बावजूद भविष्य में पाकिस्तान क्रिकेट को एक ब्रांड के रूप में बेचना आसान नहीं होगा।'

### हम एक जैसी गलतियां दोहरा रहे : रिजवान



**दुबई।** पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने कहा कि उनके खिलाड़ी लगातार एक जैसी गलती दोहरा रहे हैं और स्वीकार किया है कि यहां भारत से मिली हार के बाद उनकी टीम का चैंपियंस ट्रॉफी अभियान लगभग खत्म हो गया है। पाकिस्तान को रविवार को यहां भारत के हाथों छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें लगभग समाप्त हो गई हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ने उसे 60 रन से हराया था। ग्रुप ए में उसका आखिरी मुकाबला 27 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। रिजवान ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, 'हमारा सफर लगभग समाप्त हो चुका है। अब हमें अन्य मैचों के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। एक कप्तान के रूप में मुझे इस तरह की स्थिति पसंद नहीं है। हमें अपनी किस्मत खुद लिखनी चाहिए थी।'

---

## खबर संक्षेप



### मीराबाई चानू मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया। प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की।

### यू मुंबा ने राकेश को बनाया मुख्य कोच

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान और तीन बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता राकेश कुमार प्रो कबड्डी लीग में मुख्य कोच के रूप में नौ साल बाद यू मुंबा में वापस आएंगे। फ्रेंचाइजी ने सोमवार को इसकी घोषणा की।



पहले पीकेएल में सबसे अधिक राशि में बिकने वाले खिलाड़ी रहे राकेश तीसरे सत्र में फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के सबसे महान कबड्डी खिलाड़ी, अर्जुन पुरस्कार विजेता, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण, वह खुद यू मुंबा के पूर्व खिलाड़ी हैं और हमारे परिवार में वापस आ गए हैं। मुझे राकेश का इस बार मुख्य कोच के रूप में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।'

### दिल्ली और गुजरात की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

**बेंगलुरु।** बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग मैच में जगह आमने-सामने होंगे तो जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम को अपने पिछले मुकाबले में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले दो सत्र में अंतिम स्थान पर रही गुजरात की टीम तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर है। टीम की पांच मैच में यह तीसरी हार थी।

### गिल भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान : बांगड़

**दुबई।** पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुवाई करेगा। गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था। बांगड़ ने 'जियोहॉटस्टार' से कहा, 'साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं।'

---

## भारत से हार पर शोएब से लेकर आमिर-अकरम तक ने उठाए सवाल

# मंदबुद्धि कप्तान, अजीब खिलाड़ी... पाकिस्तान के दिग्गजों ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी

एजेंसी ▶▶| कराची

एक और आईसीसी टूर्नामेंट और एक और बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटा दी। रविवार को दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में रोहित एंड कंपनी ने रिजवान की टीम को छह विकेट से हरा दिया और लगभग टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वहीं, टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंच गई। भारत के खिलाफ आईसीसी टूर्नामेंट में एक और हार के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स से लेकर लोग बौखला गए हैं।

कुछ समय पहले पाकिस्तान में इस बात तक की चर्चा हुई थी कि भले ही पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी हार जाए, लेकिन भारत के खिलाफ जीत दर्ज करे। अब स्थिति ऐसी है कि न तो उन्हें भारत के खिलाफ जीत मिली और न ही चैंपियंस ट्रॉफी के अगले दौर में पहुंच सके। इसके बाद कई दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब अख्तर, मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, मोहम्मद आमिर और अहमद शहजाद ने अपनी ही टीम की बखिया उधेड़ी है। इन सभी ने हार पर अलग अलग एनालिसिस किया, लेकिन सभी ने टीम चयन पर जरूर सवाल खड़े किए। सभी का मानना था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गलत टीम चयन किया था और उन्हें इसका अंजाम भुगतना पड़ा।



### अख्तर ने रिजवान को मंदबुद्धि बताया

हार के बाद एक पाकिस्तानी टीवी चैनल पर बोलते हुए अख्तर ने कहा, 'क्या आप बाबर को विराट से बेहतर मानेंगे? क्या आप श्रेयस अय्यर को खुशदिल शाह से बेहतर मानेंगे? क्या आप रोहित शर्मा को मोहम्मद रिजवान से बेहतर मानेंगे? पिछले दस सालों से मैं सुन रहा हूं कि ये एक टैलेंडेड ग्रुप है। प्रतिभा कहां है? आप रन बनाकर और विकेट लेकर स्टार बन जाते हैं। मुझे कोई प्रतिभा नहीं दिखती। जब उनसे पूछा गया कि लोग उनकी बात सुनना चाहते हैं, तो अख्तर ने कहा, 'मैं 2011 से टीवी पर हूं, मेरा विश्वास करें, मैंने सब कुछ कह दिया है। मैं 2001 से देश के लिए क्रिकेट देख रहा हूं। अगर आप मंदबुद्धि लोगों को कप्तान बनाते हैं और अजीब लोगों को आने देते हैं, तो यही होगा।'



### कठोर कदम उठाने की जरूरत : अकरम

दुबई में भारत से पाकिस्तान की हार के बाद दिग्गज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रशंसक अब खाली वादों और उम्मीदों को बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हमें कठोर कदम उठाने की जरूरत है। अब बहुत हो गया है! हम सफेद गेंद के क्रिकेट में वर्षों से उन्हीं खिलाड़ियों के साथ हार रहे हैं। अब समय आ गया है कि साहसिक कदम उठाया जाए और निडर क्रिकेट खेलने वाले युवा खिलाड़ियों को लाया जाए।



### रिजवान कप्तानी के लायक नहीं



सिर्फ वसीम अकरम ही नहीं, मोहम्मद आमिर, अहमद शहजाद और राशिद लतीफ जैसे पूर्व दिग्गज पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भी रिजवान को कप्तान बनाए जाने पर सवाल खड़े किए हैं। 'हारना मना है' शो पर इन तीनों ने कहा कि वह रिजवान को एक कप्तान के तौर पर नहीं देखते हैं। शहजाद ने तो टीम में गुटबाजी का भी आरोप लगाया और कहा कि सात-आठ खिलाड़ियों का एक ग्रुप है, जिसका बाबर और रिजवान हिस्सा हैं। ये आपस में फैसला करते हैं कि कौन कप्तान बनेगा। अगर कोई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिखता है तो वह उसे बाहर करने पर तुल जाते हैं।

### 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'



मोहम्मद हफीज और शोएब मलिक ने भी पाकिस्तान की हार पर प्रतिक्रिया दी है। मलिक ने तो गाना गाया, 'दिल के अरमां आंसुओं में बह गए'। इस शो में हफीज और मलिक के साथ सना मीर और शोएब अख्तर भी शामिल हुए। मलिक और हफीज ने कहा कि पाकिस्तान में टैलेंट की कमी नहीं है, बल्कि उन्हें कोई सही रास्ता दिखाने वाला नहीं है। हफीज और मलिक ने कहा कि पाकिस्तान टीम में प्लानिंग की कमी है। वहीं, सना मीर ने भी 'अब तो आदत सी है हमको ऐसे जीने में...' गाया। सना मीर ने कहा- जब लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दो विकेट पर 100 रन बना लिए थे तो मेरे एक दोस्त का मैसेज आया कि लगता है हम अब मैच हार जाएंगे। मैंने कहा कि हम तब ही हार गए थे जब टीम का चयन हुआ था।

---

**रिएक्शन**

## पाकिस्तान के हारने के बाद दादा-पोते ने तोड़ दिया टीवी


एजेंसी ▶▶| कराची



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पांचवां मुकाबला 23 फरवरी 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में खेला गया। टूर्नामेंट में बने रहने के लिए पाक टीम को यह मैच जितना बेहद जरुरी था। मगर रिजवान एंड कंपनी छह विकेट के बड़े अंतर से हार गई। जिसके बाद पाकिस्तानी क्रिकेट प्रेमी काफी गुस्से में नजर आए। वहां के चर्चित यूट्यूबर शोएब चौधरी ने लोगों से बातचीत करते हुए एक वीडियो साझा किया है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक क्रिकेट प्रेमी गुस्से में अपने टीवी को तोड़ता हुआ नजर आ रहा है।

रियल एंटरटेनमेंट टीवी नाम के अकाउंट से साझा किए गए वीडियो में शोएब को कहते हुए सुना जा सकता है, 'वो भाई एक मिनट मेरी बात सुनो। क्या मसला हो गया आपको? एक मिनट वोय एक मिनट तो मेरी बात सुनो। क्या हुआ है। क्या हुआ है? ऐसे नहीं करो। बस... बस ... बस ऐसे नहीं करो। इधर कितने लोग खड़े हैं। तमाशा बनेगा। आपको चोट लग जाएगी।' साझा किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि शोएब चौधरी के लाख समझाने के बावजूद नौजवान युवक उनकी बात को नहीं सुनता है और पलक झपकते ही टीवी को डंडे से पीट-पीटकर चकनाचूर कर देता है। इस दौरान उसके दादा को भी इस कार्य में हाथ बंटाते हुए पाया गया। बुजुर्ग शख्स ने डंडे से तो नहीं बल्कि ईंट के वार से टीवी पर अपना गुस्सा निकाला।

### घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाना अच्छा लेकिन खिलाड़ियों को भी मिले आराम



**दुबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट को अनिवार्य बनाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का समर्थन किया है लेकिन उन्होंने संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह किया है ताकि खिलाड़ियों को थकान नहीं हो। पिछले साल अपने करियर को अलविदा कहने वाला यह खिलाड़ी मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के चार 'टूर्नामेंट दूत' में से एक के रूप में यहां मौजूद है। भारत ने रविवार को पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। धवन मैच देखने के बाद भारतीय ड्रेसिंग रूम में भी गए।

---

**चैंपियंस ट्रॉफी**

## रविंद्र और ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड को सेमीफाइनल में पहुंचाया



भाषा ▶▶| रावलपिंडी

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल के चार विकेट के बाद रचिन रविंद्र के शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। बांग्लादेश की इस हार के साथ उसके अलावा मेजबान और गत चैंपियन पाकिस्तान भी सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया जबकि भारत ने अंतिम चार में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड और भारत दोनों के समान दो-दो मैच में दो जीत से चार-चार अंक हैं। न्यूजीलैंड (प्लस 0.863) हालांकि भारत (प्लस 0.647) से बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। बांग्लादेश और पाकिस्तान ने अब तक अपने दोनों मुकाबले गंवाए हैं और उनके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के 237 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र की 105 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के से 112 रन की पारी और टॉम लैथम (55 रन, 76 गेंद, तीन चौके) के साथ उनकी चौथे विकेट की 129 रन की साझेदारी से 46.1 ओवर में पांच विकेट पर 240 रन बनाकर जीत दर्ज की। रविंद्र ने सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (30) के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़े। बांग्लादेश की टीम इससे पहले ऑफ स्पिन गेंदबाजी करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज ब्रेसवेल (26 रन देकर चार विकेट) और तेज गेंदबाज विलियम ओरोर्के (48 रन देकर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने नौ विकेट पर 236 रन ही बना सकी। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने 110 गेंद में नौ चौकों की मदद से सर्वाधिक 77 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में टीम के विशेषज्ञ बल्लेबाजों के पास न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का कोई जवाब नहीं था। सातवें नंबर के बल्लेबाज जाकिर अली ने अंत में 55 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के से 45 रन बनाकर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने चौथे ओवर में 15 रन के स्कोर तक ही फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज विल यंग (00) और केन विलियमसन (05) के विकेट गंवा दिए।

## सीएसके ने श्रीराम को नियुक्त किया सहायक गेंदबाजी कोच

**चेन्नई।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर श्रीधरन श्रीराम आगामी इंडियन प्रीमियर लीग चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के सहायक गेंदबाजी कोच होंगे। पांच बार की चैंपियन टीम ने सोमवार को इसकी घोषणा की। चेन्नई सुपर किंग्स ने 'एक्स' पर घोषणा करते हुए पोस्ट किया, 'हमारे सहायक गेंदबाजी कोच श्रीराम श्रीधरन को सलाम। चेपॉक की पिच से लेकर ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश में कई वर्षों तक कोचिंग देने वाले श्रीधरन गर्व के साथ इस नयी यात्रा पर निकल पड़े हैं।'



बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी के पूर्व ऑलराउंडर श्रीधरन टीम में स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) के साथ काम करेंगे। सीएसके की स्पिन गेंदबाजी लाइनअप में आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, श्रेयस गोपाल, नूर अहमद, दीपक हुड्डा और रचिन रविंद्र शामिल हैं। श्रीधरन (49 वर्ष) ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे जो अब गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर (मार्गदर्शक) के रूप में शामिल हो गए हैं।

## महिला प्रीमियर लीग :एकलेस्टोन ने सुपर ओवर में यूपी वारियर्स को आरसीबी पर जीत दिलाई

भाषा ▶▶| बेंगलुरू

सोफी एकलेस्टोन ने विषम परिस्थितियों में बल्ले से तूफानी पारी खेलने के बाद सुपर ओवर में शानदार गेंदबाजी की जिससे यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां वापसी करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू (आरसीबी) को हरा दिया। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने चिनेले हेनरी (04) का विकेट गंवाकर किम गार्थ के ओवर में एक विकेट पर आठ रन बनाए। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना और रिचा घोष इसके जवाब में एकलेस्टोन के ओवर में चार रन ही बना सकीं जिससे उनकी टीम को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आरसीबी के 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स ने सोफी एकलेस्टोन (33 रन, 19 गेंद, चार छक्के, एक चौका) और श्वेता सहरावत (31) की पारियों की बदौलत 11वें ओवर में 93 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद 20 ओवर में 180 रन बनाकर मुकाबले को टाई करके सुपर ओवर में खींचा। एकलेस्टोन पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं। कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और किरण नवगिरे (24) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। आरसीबी की ओर से स्नेह राणा (27 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि रेणुका सिंह (36 रन पर दो विकेट) और किम गार्थ (40 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इससे पहले एलिस पैरी की 56 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 90 रन की पारी और डैनी व्याट हॉज (57 रन) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 180 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इन दोनों के अलावा हालांकि आरसीबी की कोई अन्य बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूपी वारियर्स की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाएं। सलामी बल्लेबाल किरण नवगिरे ने 12 गेंद में 24 रन बनाकर तेज शुरुआत की थी लेकिन रेणुका ने तीसरे ओवर में उन्हें बोल्ड करके आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। रेणुका ने दूसरी सलामी बल्लेबाज दिनेश वृंदा (14) को भी कप्तान स्मृति मंधाना के हाथों कैच कराया जबकि स्नेह ने कप्तान दीप्ति शर्मा (25) और ताहलिया मैकग्रा (00) को पवेलियन भेजकर टीम का स्कोर चार विकेट पर 72 रन किया।

---

**राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना**

# तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के लिए उत्तराखंड की सराहना की। साथ ही यादगार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सराहा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा खिलाड़ियों की दृढ़ता एवं उनके अनुशासन की बदौलत भारत तेजी से वैश्विक खेल शक्ति बनने की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों में 11,000 से अधिक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड देश में खेलों के मजबूत बल के रूप में भी उभर रहा है। इन खेलों ने दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। पीएम ने कहा, उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। राज्य 7वें स्थान पर रहा। यही तो खेलों की ताकत है, जो व्यक्ति विशेष और समुदाय के साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। युवा एथलीटों की दृढ़ता और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि आरामतलबी के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता।



### खेलो इंडिया अभियान ने दी खिलाड़ियों को पहचान

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों के यादगार प्रदर्शनों की देश-भर में खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने सबसे ज्यादा स्वर्ण जीतने वाली भारतीय सशस्त्र बलों की टीम सर्विसेज को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन खेलों में भाग लेने वाले बहुत से खिलाड़ी खेलो-इंडिया अभियान की देन हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे और आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी का जिक्र करते हुए कहा कि इन्होंने देश को नई उम्मीदें दी हैं।

### यूपी और कर्नाटक के खिलाड़ियों ने जीता दिल

*प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा और कर्नाटक की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। पीएम ने कहा कि इस बार किशोर चैंपियंस ने भी हैरान किया। निशानेबाज गेविन (15 साल), यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी अनुष्का (16) व मप्र के पोल वाल्टर देव कुमार मीणा (19) ने साबित किया कि भारत में खेलों का भविष्य बेहद प्रतिभावान पीढ़ी के हाथों में है।*

चिंतन

# तीन वर्ष से जारी यूक्रेन व रूस युद्ध जल्द खत्म हो

युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है, यह बात अमूमन विश्व के सभी ताकतवर नेता जानते हैं, फिर भी यूक्रेन व रूस के बीच जारी युद्ध को तीन साल हो गए। अमेरिकी शह पर नाटो में शामिल होने की यूक्रेन की जिद के खिलाफ शुरू हुए युद्ध के तीन साल पूरे होने के बाद आज रूस व यूक्रेन तबाही के मंजर पर खड़े हैं। हजारों रूसी व यूक्रेनी सैनिकों की जान गई है। हजारों यूक्रेनी जनता को युद्ध की तबाही झेलनी पड़ी है। जिस अमेरिकी शह पर यूक्रेन युद्ध में कूदा था, आज तीन साल बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की लगभग अकेले खड़े हैं। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन की ओर से मुंह मोड़ लिया है, उसके बाद जेलेंस्की के लिए युद्ध जारी रखना केवल यूरोप के भरोसे भारी पड़ रहा है। इस युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका व रूस के प्रतिनिधि के बीच सऊदी अरब में वार्ता चल रही है। बड़ा सबक यह है कि जो देश दूसरे के भरोसे युद्ध में कूदते हैं और दूसरी की दुश्मनी निभाने का माध्यम बनते हैं, उसको हमेशा शिकस्त ही खानी पड़ती है या नुकसान अधिक उठाना पड़ता है। यूक्रेन ने कभी नहीं सोचा कि उसकी जड़ें यूएसएसआर (पूर्व के सोवियत संघ) में हैं, पश्चिम में नहीं। पश्चिम ने कभी भी रूसी संस्कृति, रूसी अस्मिता और पहचान को मान्यता नहीं दी है। अमेरिका व यूरोप के अधिकांश देशों की रूस से अदावत रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति को अपने आवाम की संरचना, संस्कृति और जरूरत को पहले देखना चाहिए। केवल नाटो में शामिल हो जाने से यूक्रेन अभेद्य नहीं बन सकता था, दूसरा कि यूक्रेन को यह पता होना चाहिए था कि अमेरिका कितनी दूर तक उसका साथ देगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने सत्ता संभालते ही नाटो के विचार को ही तिलांजलि दे दी, अमेरिका रूस के साथ नरम हो गया। सोमवार को यूरोप और कनाडा के कई नेता यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे हैं। इस दौरे से युद्धरत राष्ट्र के प्रति समर्थन प्रदर्शित किया गया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो विदेशी आगंतुकों में शामिल हैं। केवल भौगोलिक रूप से यूरोप में होने के चलते यूक्रेन को अमेरिकी मदद अनवरत जारी रहने का मुगालता नहीं रहना चाहिए था। अमेरिका ने यूक्रेन का भ्रम तोड़ दिया है, साथ ही ट्रंप ने यूरोप को भी संदेश दिया है कि अमेरिकी जरूरत के बाद ही यूरोप की आकांक्षा है। कनाडा को लेकर ट्रंप का विवादित बयान चर्चा में है, कनाडा इसलिए भी यूक्रेन के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी नीति में बदलाव के बाद कहा जा रहा है कि अस्तित्व की इस लड़ाई में, केवल यूक्रेन का ही नहीं बल्कि पूरे यूरोप का भविष्य दांव पर लगा है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा, उत्तरी यूरोपीय देशों के प्रधानमंत्रियों सहित कई नेता युद्ध की वर्षगांठ से जुड़ी बैठकों में भाग लेने और यूक्रेन को समर्थन देने पर चर्चा करेंगे। छह मार्च को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के 27 नेताओं की एक आपातकालीन बैठक होगी, जिसमें यूक्रेन बातचीत के एजेंडे पर शीर्ष में होगा। राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की युद्ध के प्रति अमेरिकी नजरिये में राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा किए गए बदलावों के कारण तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय माहौल को देख रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने युद्ध को जल्दी खत्म करने के अपने चुनावी वादों को पूरा करने की कोशिश शुरू की है, इस कोशिश के तरीकों ने यूक्रेन और यूरोप में कई लोगों को चिंतित कर दिया है, जो मानते हैं कि उनका दृष्टिकोण समझौतावादी है। भारत ने वार्ता की हमेशा वकालत की, उस पर रूस व यूक्रेन अमल करें और युद्ध को तुरंत खत्म करें।



बैंकिंग
सतीश सिंह

# छोटे निवेशकों के भरोसे को बचाना होगा

यूं तो भारतीय बैंकिंग प्रणाली अभी भी मजबूत और स्थिर है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक या पीएमसी या दूसरे बैंक में हुए घोटाले के आधार पर पूरी बैंकिंग प्रणाली को त्रुटिपूर्ण मानना गलत होगा। मौजूदा समय में बैंकिंग इंडस्ट्री जमा या डिपॉजिट की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में अगर निवेशकों का भरोसा बैंकिंग प्रणाली पर से कम होगा तो बैंकों के लिए जमा जुटाने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में गड़बड़ी या अनियमतता के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार पिछले 2 दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है।

हाल ही मुंबई के न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ रुपये की नकदी की घटना सामने आई थी, जिसकी वजह से यह बैंक अभी गंभीर तरलता के संकट से जूझ रहा है। तदुपरांत, भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थिति को संभालने के लिए तात्कालिक रूप से बैंक से निकासी पर रोक लगा दी, जिसके कारण ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे माहौल में ग्राहकों के मन में भय और संशय की स्थिति बनी हुई है। कुछ साल पहले पंजाब एवं महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक (पीएमसी), यस बैंक और लक्ष्मी विलास बैंक (एलवीबी) में हुए घोटाले की वजह से भी ग्राहकों को अपने पैसों की निकासी में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। सहकारी बैंकों में अनियमितताओं और दिवालिया होने की घटनाएँ अब आम हो गई हैं, जिससे छोटे निवेशकों के मन में बैंकिंग प्रणाली के प्रति भरोसा कम हो रहा है। इसलिए, उनके भरोसे को अक्षुण्ण रखने के लिए केंद्र सरकार डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन एक्ट (डीआईसीजीसी) के तहत मिलने वाले मौजूदा 5 लाख रुपये के बीमा कवर को बढ़ाने पर विचार कर रही है।

मौजूदा समय में बैंकिंग इंडस्ट्री जमा या डिपॉजिट की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में अगर निवेशकों का भरोसा बैंकिंग प्रणाली पर से कम होगा तो बैंकों के लिए जमा जुटाने में और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि सस्ती दर पर बैंक जमा में वृद्धि होने पर ही बैंक जरूरतमंदों और कारोबारियों को कर्ज देने में समर्थ हो सकेंगे, क्योंकि पूँजी की उपलब्धता रहने पर ही कारोबार में निवेश किया जा सकता है और निवेश में इजाफा होने पर आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। डीआईसीजीसी, भारतीय रिजर्व बैंक की स्वामित्व वाली एक संस्था है, जो बैंक डिपॉजिट पर बीमा कवर मुहैया कराती है। बीमा कवर के प्रीमियम का भुगतान ग्राहक की जगह बैंक डीआईसीजीसी को करते हैं। भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित सभी कॉमर्शियल बैंकों का बीमा डीआईसीजीसी द्वारा किया जाता है। मामले में बैंकों के पंजीकरण के बाद डीआईसीजीसी उन्हें बीमा का विवरण साझा करती है, ताकि ग्राहकों को बीमा के बारे में सुमुचित सूचना दी जा सके।

फिलवक्त, बैंक के बंद या दिवालिया होने पर डीआईसीजीसी ग्राहकों को 5 लाख रुपये तक की बीमित राशि का भुगतान करता है। बैंक के डूबने या बंद होने के 90 दिनों के अंदर ग्राहकों को उनके जमा पैसा का भुगतान किया जाता है। प्रभावित बैंक को 45 दिनों में डीआईसीजीसी को खाताधारकों का ब्योरा देना होता है। उसके बाद, शेष बचे हुए 45 दिनों में वह खाताधारकों को पैसे लौटाता है। यदि किसी जमाकर्ता का बैंक में 10 लाख रुपये जमा है और बैंक डूब जाता है तो जमाकर्ता को सिर्फ 5 लाख रुपये के बीमित राशि का ही भुगतान किया जायेगा और ग्राहक के 5 लाख रुपये डूब जाएंगे। ऐसे प्रावधान से निवेशक डरे हुए हैं। अस्तु, माना जा रहा है कि बीमा की राशि बढ़ाने पर निवेशक बैंकों में बीमित राशि तक पैसा जमा कराने से परहेज नहीं करेंगे और इससे बैंकों की साख में इजाफा होगा।

सहकारी बैंक का गठन एवं कार्यकलाप सहकारिता के




आधार पर होता है। विश्व के अधिकांश देशों में सहकारी बैंक हैं, जो जमा लेने और उधार देने का काम करते हैं। इनकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराना और वित्तीय समावेशन की संकल्पना को साकार करना है। सामान्यतः इनकी शाखाएं एक राज्य तक सीमित होती है, लेकिन इसके अपवाद भी हैं। भारत में 4 तरह के सहकारी बैंक, पहला, प्राथमिक सहकारी साख समितियां, दूसरा केंद्रीय अथवा जिला सहकारी बैंक, तीसरा राज्य सहकारी बैंक और चौथा भूमि विकास बैंक होता है। सहकारी बैंक सहकारी साख संगठन की सर्वोच्च संस्था है। जिस प्रकार से साख समितियों का नियंत्रण जिले में अवस्थित केंद्रीय बैंक करता है, उसी प्रकार राज्य भर में फैले हुए समस्त केंद्रीय बैंकों को राज्य सहकारी बैंक संगठित करता है। इसतरह, यह बैंक राज्य भर में फैली हुई कृषि सहकारी संस्थाओं की शीर्ष संस्था है।

सहकारी बैंकों में अनियमितता या घोटाले का एक बड़ा कारण रिजर्व बैंक और रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव की दोहरी नियंत्रण व्यवस्था को माना जा रहा है। सहकारी बैंकों की स्थापना राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अनुसार की जाती है। इनका पंजीकरण "रजिस्ट्रार ऑफ को-ऑपरेटिव सोसाइटी के पास किया जाता है, जिनका नियमन राज्य सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आंशिक रूप से किया जाता है। इस बैंक की कार्यप्रणाली में केंद्र सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। इस तरह के बैंकों पर निगरानी रखने का कार्य मुख्य तौर पर राज्य सरकार करती है, जिसके निदेशक सतारूढ़ दल के नेता होते हैं। मामले में नियामक के तौर पर रिजर्व बैंक की भूमिका सीमित होती है।

अब तक रिजर्व बैंक ने 27 सहकारी बैंकों को घोटालों या परिचालन में गड़बड़ी या अनियमतता के कारण अपने नियंत्रण में लिया है। भारतीय रिजर्व बैंक की भारत में बैंकिंग की प्रवृति और प्रगति पर रिपोर्ट के अनुसार पिछले 2 दशकों में शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 1,926 से घटकर 1,472 रह गई है। इस तरह, वित्त वर्ष 2004-05 से लेकर अब तक 156 शहरी सहकारी बैंकों का विलय हुआ है, जिनमें 6 शहरी सहकारी बैंकों का विलय 2023 में हुआ है। बीते सालों में भारतीय रिजर्व बैंक ने कई शहरी को-ऑपरेटिव बैंकों को लाइसेंस दिये हैं, जिससे इनकी संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालाँकि, बाद में इनका विलय भी हुआ है, लेकिन उनकी संख्या न्यून है।

को-ऑपरेटिव गृह समितियों या आम जनता द्वारा सहकारी बैंकों में पैसा रखने के पीछे एक बड़ा कारण सहकारी बैंकों द्वारा बैंक जमा पर ज्यादा ब्याज देने की पेशकश करना है। इस वजह से निवेशक लालच में आ जाते हैं। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक और पीएमसी बैंक भी जमा पर ज्यादा ब्याज दे रहे थे, जो अन्य कई सहकारी बैंकों से भी ज्यादा थे। इसी लालच की वजह से फर्जी और पोंजी कम्पनियाँ भी देश में अरबों-खरबों का कारोबार कर रहे हैं। वैसे, भारतीय बैंकिंग प्रणाली अभी भी मजबूत और स्थिर है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक या पीएमसी या दूसरे बैंक में हुए घोटाले के आधार पर पूरी बैंकिंग प्रणाली को त्रुटिपूर्ण मानना गलत होगा। यह सच भी है, लेकिन देश में सहकारी बैंकों के संदर्भ में निगरानी तंत्र बहुत ही कमजोर है, जिसे मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही, खाताधारकों की जमा पूँजी बैंकों में सुरक्षित रहे के लिये बीमा कवर में इजाफा करने की भी जरूरत है। लिहाजा, मामले में सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक को जल्द से जल्द सुधारात्मक उपायों को मूर्त रूप देने की दिशा में अग्रत्तर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। बैंकिंग सिस्टम को दुरुस्त करना आवश्यक है।

लेखक स्तंभकार व आर्थिक जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
प्रमोद भार्गव



# कठिन है अश्लीलता पर रोक की डगर

ऑनलाइन डिजिटल मंचों पर अष्लीलता और हिंसा दिखाए जाने पर अंकुश लगाने के लिए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय कानूनी रास्ते तलाश रहा है। सरकार को यह कदम इसलिए उठाना पड़ रहा है, क्योंकि यूट्यूब पर प्रसारित 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में यूट्यूबर रणवीर इलाहबादिया ने बयान नहीं की जा सकने वाली अत्यंत अशोभनीय टिप्पणियां की हैं। इस कारण उन पर अनेक राज्यों में कई एफआईआर भी दर्ज हुई हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस तरह की हरकतें और वार्तालाप इसलिए संभव हो जाते हैं, क्योंकि अश्लीलता को आईटी कानूनों में स्पष्ट रूप में परिभाषित अब तक नहीं किया जा सका है। नतीजतन न्यायाधीश स्वयं के विवेक और दृष्टिकोण पर निर्णय लेते हैं। ज्यादातर इस प्रकृति के निर्णय निंदा एवं चेतावनी देने तक सीमित रहते हैं, फलतः अश्लील सामग्री परोसने वाले बच निकलते हैं। रणवीर की टिप्पणियों के बाद पूरा देश गुस्से में हैं, इसलिए डिजिटल प्लेटफॉर्म अर्थात सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की मांग उठ रही है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की संसदीय समीति ने भी चिंता जताई है कि अश्लील और हिंसक दृश्य एवं श्रव्य कार्यक्रम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने दिखाए जा रहे हैं, जो संवैधानिक अधिकार का दुरुपयोग है। अतएव इस परिप्रेक्ष्य में कठोर कानून जरूरी है।

'ओवर द टॉप' अर्थात ओटीटी प्लेटफॉर्म पर फिल्म एवं वेब सीरीज पर दिखाई जा रही अश्लीलता चिंता का विषय है, अतएव इस पर नियंत्रण जरूरी है। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पीठ पहले भी कह चुकी है कि 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बहुसंख्यक लोगों के धार्मिक स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती है।' यह बात अदालत ने अमेजन प्राइम कमर्शियल की प्रमुख अपर्णा पुरोहित की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कही थी। दरअसल यह मामला तांडव वेब सीरीज से जुड़ा था। अदालत ने कहा था, 'अश्लीलता दिखाने वाले सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जांच होनी चाहिए। इन पर नियंत्रण तो जरूरी है ही, एक बोर्ड का भी गठन किया जाए, जो इन पर नियंत्रण के उपाय सुझाए।' हालांकि अब ओटीटी पर नियंत्रण के लिए ऐसी व्यवस्था होगी, जिससे पालक अपने बच्चों के लिए ऐसी सीरीज प्रतिबंधित कर सकेंगे, जिनमें अश्लीलता परोसी जा रही है। आयु वर्ग के हिसाब से भी इन्हें बालक, किशोर एवं वयस्क श्रेणियों में बांटा जाएगा। जिससे जरूरत के हिसाब से इन पर नियमन संभव हो। हालांकि अभी तक कुछ किया नहीं जा सका है। इस बाबत दुविधा ये है कि मानव-मस्तिष्क को विकृत और दूषित करने वाली अश्लील सामग्री किसे माना जाए? क्योंकि साहित्य और कला के क्षेत्र में ऐसे हजारों पृष्ठ और कलाकृतियां एवं मूर्तियां हैं, जिन्हें अश्लीलता की परिभाषा में लाना आसान नहीं होता। मोबाइल व कंप्यूटर पर इंटरनेट की घातकता का दायरा निरंतर बढ़ रहा है। इंस्टाग्राम हो या फेसबुक या फिर गूगल ये सब विदेशी कंपनियां अकूत धन कमाने की तृष्णा में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भारतीय बच्चों, किशोरों व युवकों को पोर्नोग्राफी के जाल में फंसाकर उनका न केवल भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि साइबर अपराधी बनाकर उनके पूरे जीवन पर ही कालिख पोतने का काम कर रही हैं। ये सब कंपनियां ऑनलाइन चाइल्ड सेक्स ट्रेफिकिंग को बढ़ावा दे रही हैं। इसका दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह है कि किशोरों को अश्लील फिल्में दिखाकर बच्चे और सगे-संबंधी नाबालिग ही इनकी करतूतों का शिकार हो रहे हैं। लंदन के पास बसे शहर सोहो में इस तरह की वीडियो क्लीपिंग बनाने का धंधा खुलेआम चल रहा है।

आज सूचना तकनीक की जरूरत इस हद तक बढ़ गई है कि समाज का कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं रह गया है। भारत में इंटरनेट डेटा की खपत इसके सस्ते होने की वजह से भी बढ़ रही है। पिछले चार साल में डेटा की खपत 56 गुना बढ़ी है, वहीं दरों में कमी 99 प्रतिशत हुई है। इकोनॉमिक सर्वेक्षण के अनुसार 2016 में डेटा की दरें 200 रुपए प्रति जीबी थी, जो 2019 में घटकर 12 रुपए प्रति जीबी तक आ गई हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली एक पोर्न वेबसाइट ने बताया है कि भारत में 2018 में औसतन 8.23 मिनट पोर्न वीडियो देखे गए, वहीं 2019 में यह अवधि बढ़कर 9.51 मिनट हो गई। यह आंकड़ा सिर्फ एक वेबसाइट का है, जबकि दुनिया में पोर्न संबंधी 150 करोड़ वेब पेज सक्रिय हैं। इनमें 28 करोड़ वीडियो लिंक हैं। ये पोर्न वेबसाइट जिन 20 देषों में सबसे ज्यादा देखी गईं, उनमें भारत का स्थान तीसरा है। आज इस पर लगाम लगाने की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित
दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए।

# समर्पित भक्त का वास वैकुन्ठ में



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण था तथा महान भक्त था, वह मंदिर की पूजा में बहुत शानदार सेवा पेश करना चाहता था, लेकिन उसके पास धन नहीं था। एक दिन की बात है वह एक भागवत पाठ में बैठा हुआ था और उसने सुना कि नारायण मन में भी पूजे जा सकते हैं। उसने इस अवसर का लाभ उठाया क्योंकि वह एक लंबे समय से सोच रहा था कि कैसे बहुत शान से नारायण की पूजा करूं, लेकिन उसके पास धन नहीं था। जब वह यह समझ गया, कि मन के भीतर नारायण की पूजा कर सकते हैं। एक दिन वह गोदावरी नदी में स्नान करने के बाद एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अपने मन के भीतर वह बहुत खूबसूरत सिंहासन का निर्माण कर रहा था, गहनों के साथ लदी और सिंहासन पर भगवान की मूर्ति को रखते हुए, वह भगवान का गंगा, यमुना, गोदावरी, नर्मदा, कावेरी नदी के जल के साथ अभिषेक कर रहा था। फिर बहुत ही उत्तम तरह से भगवान का श्रृंगार कर और फूल, माला के साथ पूजा करते हुए, वह मीठे चावल बहुत अच्छी तरह से भोजन के रूप में पका रहा था। वह परखना चाहता था कि भोजन भोग के लिए कहीं गरम तो नहीं हैं। तो ऐसा जानने के लिए उसने भोजन में अपनी उंगली डाली तो उसकी उँगली जल गई। तब उसका ध्यान टूटा क्योंकि वहाँ कुछ भी नहीं था। केवल अपने मन के भीतर वह सब कुछ कर रहा था। लेकिन उसने अपनी उंगली जली हुइ देखी। तो वह चकित रह गया। इस तरह, वैकुन्ठ से नारायण, मुस्कुरा रहे थे। देवी लक्ष्मीजी ने पूछाः आप क्यों मुस्कुरा रहे हैं ?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा मवेशियों की समस्या का हल जरूरी

देशभर में आवारा मवेशियों की समस्या दिनोंदिन विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर आवारा मवेशी सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, आवारा मवेशियों के आतंक से कोई अछूता नहीं हैं। इनके सर्वत्र घूमने से आमजन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण आवारा मवेशी भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी अंजाम लेते हैं। ऐसे में सवाल है कि आखिर कैसे घूम रहे हैं आवारा मवेशी और कौन है इनका असली मालिक? साथ ही इनसे होने वाले नुकसान के लिए कौन जिम्मेदार है। सरकार को इस ओर उचित ध्यान देना चाहिए। *– मानिक मेहता, दुर्ग*

## ट्रेंड

### महिला शांति रक्षक बढ़े



संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करना जरूरी है क्योंकि वे लैंगिक हिंसा से निपटने, विश्वास कायम करने और संवाद को बढ़ावा देने में ज्यादा सक्षम होती हैं। महिला शांति रक्षकों की स्थानीय समुदायों तक बेहतर पहुंच होती है। -द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### अभियान से मैं खुश हूं



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मोटापे के खिलाफ शुरू किए गए अभियान से जुड़कर बहुत खुश हूं। मोटापे के कारण हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, पक्षाघात और सांस लेने की समस्या जैसी कई स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं -उमर अब्दुल्ला, सीएम, जेएंडके

### प्रधानमंत्री का आभार



मैं प्रधानमंत्री का आभार जताता हूं कि उन्होंने देश को बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटापा के खिलाफ प्रभावशाली जागरूकता अभियान शुरू किया है। मैं इस महत्वपूर्ण संदेश को फैलाने के लिए नामित किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। -आर माधवन, अभिनेता

### बचने की संभावना कम



दो दिन पहले श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के निर्माणाधीन खंड के आंशिक रूप से ढहने के बाद उसमें फंस गए आठ लोगों के बचने की संभावना अब "बहुत कम" है, हालांकि उन तक पहुंचने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। -जुपल्ली कृष्ण राव, मंत्री तेलंगाना

## करंट अफेयर

### पाक सरकार करेगी मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार



पाकिस्तान सरकार ने देश में मंदिरों और गुरुद्वारों के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए एक अरब पाकिस्तानी रुपये की लागत से एक 'मास्टर प्लान' तैयार किया है। यह निर्णय यहां 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' (ईटीपीबी) की बैठक में शनिवार को इसके प्रमुख सैयद अतउर रहमान की अध्यक्षता में लिया गया। रहमान ने कहा, 'मास्टर प्लान के तहत मंदिरों और गुरुद्वारों का जीर्णोद्धार कर उन्हें सजाया जाएगा और एक अरब पाकिस्तानी रुपये के बजट से विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की देखभाल पर खासा धन खर्च किया जा रहा है। रहमान ने यह भी कहा कि ईटीपीबी को इस वर्ष एक अरब रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। बैठक में देश भर से हिंदू और सिख समुदायों के सदस्यों के साथ-साथ सरकारी और गैर-सरकारी सदस्यों ने भाग लिया। ईटीपीबी विकास योजना में संशोधन की आवश्यकता के बारे में अपनी बात रख रहे बोर्ड सचिव फरीद इकबाल ने सदस्यों को बताया कि विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजना में बदलाव करने के बाद अब ट्रस्ट की संपत्तियों को विकास के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

## ऑफ बीट

### पहले गठिया सिर्फ अमीरों की बीमारी थी; अब आम



गठिया 'क्रिस्टल आर्थ्रोपेथी' समूह का एक रोग है, जो जोड़ों और मुलायम ऊतकों में 'क्रिस्टल' जमने के कारण होता है। गठिया तब विकसित होता है, जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है और यह जोड़ों में पहुंचकर सुई-नुमा 'क्रिस्टल' का रूप अख्तियार कर लेता है, जिससे तीव्र दर्द और सूजन की शिकायत सताती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे से शुरू होता है और इसमें त्वचा पर हल्का-सा स्पर्श भी अक्सर असहनीय लगता है। गठिया के कुछ मरीज अपने पैर के ऊपर एक विशेष पिंजरा रखकर सोते हैं, जिससे चादर सीधे उनके पैर पर नहीं पड़ती, क्योंकि वे प्रभावित जोड़ों पर चादर का भार भी सहन करने की स्थिति में नहीं होते। गठिया अन्य जोड़ों को भी प्रभावित कर सकता है। यह 'टोफी' (नरम ऊतकों या जोड़ों के पास की हड्डियों में मोनोसोडियम यूरेट का पत्थर जैसा जमाव) विकसित होने का कारण बन सकता है। गठिया का निदान असहनीय दर्द, प्रभावित जोड़ों में और उनके आसपास सूजन तथा लालिमा जैसे आम लक्षणों पर आधारित है। सूजे हुए जोड़ से लिए गए तरल पदार्थ की माइक्रोस्कोप से जांच किए जाने के दौरान 'क्रिस्टल' दिखाई दे सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### आप के 32 विधायक संपर्क में: बाजवा

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा का सत्र अब से कुछ ही देर में शुरू होने वाला है। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने सत्र शुरू होने से पहले ही मीडिया कर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी के 32 विधायक उनके संपर्क में है। उनका इरादा सरकार को तोड़ने का नहीं है।



### जयपुर में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पुलिस से उलझे

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस और पुलिस के बीच हल्की भिड़ंत भी हो गई। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेडिंग से रोकने का प्रयास किया, इससे कार्यकर्ता उग्र हो गए।



### नगर निगम चुनावों से पहले राज- उद्धव मिले

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे की मुलाकात ने राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है। रविवार को अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में दोनों में आमने-सामने बातचीत की। यह मुलाकात नगर निगम चुनावों में खास मानी जा रही है।



### गणोजी-कान्होजी के वंशजों से मांगी माफी

मुंबई। विक्की कौशल द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में अभिनीत फिल्म 'छावा' को देश के सभी हिस्सों से प्यार मिल रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह मराठा योद्धाओं गनोजी और कान्होजी शिर्के के वंशजों को नाराज कर रही है। इसके बाद निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने उनसे माफी मांग ली है।



# राम मंदिर से चिढ़े लोग कुंभ को कोसने का मौका नहीं छोड़ रहेः मोदी

भाषा ▸▸| भागलपुर

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद द्वारा महाकुंभ को लेकर की गई टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए सोमवार को कहा कि राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन ऐसे लोगों को बिहार कभी भी माफ नहीं करेगा। बिहार के भागलपुर जिले में किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त जारी किए जाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने अपने संबोधन में प्रसाद पर प्रहार करते हुए कहा कि राजग सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है, लेकिन यह जो जंगल राज वाले हैं, इनको हमारी धरोहर से, हमारी आस्था से नफरत है।" राजद सुप्रीमो पर अपना प्रहार जारी रखते हुए मोदी ने कहा कि इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। यह भारत की आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी ज्यादा लोग अब तक महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। बिहार से भी श्रद्धालु महाकुंभ होकर आ रहे हैं लेकिन यह जंगल राज वाले महाकुंभ को ही गाली दे रहे हैं। वे महाकुंभ को लेकर भद्दी-भद्दी बातें कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि'राम मंदिर से चिढने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मैं जानता हूं कि महाकुंभ को गाली देने वाले ऐसे लोगों को बिहार कभी भी माफ नहीं करेगा।'

## भागलपुर रैली में प्रधानमंत्री ने जमकर विपक्ष पर साधा निशाना



### भागलपुर में मोदी के साथ रोड शो में उमड़ा जन सैलाब खुले वाहन से नीतीश के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे

मोदी बिहार के भागलपुर में फूलों से सजे एक खुले वाहन पर सवार होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ अपने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी अपने विशेष विमान से पूर्णिया पहुंचे और वहां से लगभग 90 किलोमीटर दूर भागलपुर के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए।



### प्रधानमंत्री ने असम में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

गुवाहाटी (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम में शुरू होने वाले व्यापार शिखर सम्मेलन (बिजनेस समिट) से एक दिन पहले सोमवार को राज्य की पारंपरिक ताकत और उसकी भावी क्षमताओं को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मोदी कई स्टॉल पर गए और प्रतिनिधियों तथा प्रतिभागियों से बातचीत भी की। इस दौरान असम के प्रसिद्ध 'मुगा' रेशम से लेकर आधुनिक रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी तक, विविध प्रकार के उत्पादों ने उनका ध्यान आकर्षित किया। 'असम एडवांटेज 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025' से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शनी का एक प्रमुख आकर्षण मेजबान राज्य को प्रदर्शित करना होगा जिसके केंद्र में इसकी पारंपरिक ताकत और भावी क्षमता होगी। मोदी ने 'असम - अतीत, वर्तमान और भविष्य' नामक प्रदर्शनी हॉल का दौरा किया।

# आंबेडकर, भगत सिंह के चित्रों को लेकर भाजपा-आप में जुबानी जंग

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यालय से बीआर आंबेडकर और भगत सिंह के चित्र हटा दिए गए हैं। हालांकि, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 'आप' के इस आरोप को खारिज किया। भाजपा ने 'आप' पर कैग रिपोर्ट से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पार्टी ने दावा किया कि 'आप' द्वारा सत्ता में रहने के दौरान किए गए "भ्रष्टाचार" को उजागर करने के लिए नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की लंबित रिपोर्ट मंगलवार को विधानसभा में पेश की जाएगी।

भाजपा की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री कार्यालय की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं और कहा, "मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अन्य मंत्रियों के कार्यालयों में महात्मा गांधी, बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर, भगत सिंह, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के चित्र लगे हुए हैं।" जनवरी 2022 में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि मुख्यमंत्री कार्यालय सहित सरकारी कार्यालयों में केवल बाबासाहेब आंबेडकर और भगत सिंह के चित्र लगाए, जाएंगे। उन्होंने कहा था कि दिल्ली सरकार के कार्यालयों में किसी अन्य नेता की तस्वीरें प्रदर्शित नहीं की जाएंगी। दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को नवगठित विधानसभा के पहले सत्र में यह मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली विधानसभा का नेतृत्व ऐसी पार्टी कर रही है, जो दलित और सिख विरोधी है।

### भाजपा ने सीएम कार्यालय से फोटो हटाईः आतिशी

### भाजपा ने फोटो जारी कर कहा- झूठ बोला जा रहा



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा ने सीएम रेखा गुप्ता के दफ्तर की फोटो पोस्ट की। यह पहले की फोटो।



सदन में हंगामा करतीं आतिशी और आप नेता।

#### दिल्ली विस में पहले ही दिन हंगामा

सोमवार को दिल्ली विधानसभा सत्र के पहले ही दिन जमकर हंगामा हुआ। इसके पहले दिल्ली विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली ने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई है। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शपथ ली। सबसे पहले कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। इसके बाद विधायकों शपथ ली।

#### भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विस के अध्यक्ष चुने गए



तीन बार के भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता को सोमवार को दिल्ली विस के प्रथम सत्र में नया विस अध्यक्ष चुना गया। गुप्ता का विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठना भाजपा के दिग्गज नेता के लिए एक चक्र के पूरे होने का प्रतीक है, जिन्हें आप के 10 साल के कार्यकाल के दौरान कई बार मार्शल द्वारा विधानसभा से बाहर निकाला गया था। विस अध्यक्ष चुनने के लिए सदस्यों को धन्यवाद देते हुए गुप्ता ने कहा कि मैं सदन के सभी माननीय सदस्यों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे इस पद के लिए चुना और इस सदन को चलाने की गंभीर जिम्मेदारी सौंपी।

### अलाहबादिया और चंचलानी ने अपने बयान दर्ज कराए



मुम्बई (एजेंसी)। इंडियाज गॉट लैटेंट शो में विवादित बयान देने वाले यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया और यूट्यूबर आशीष चंचलानी सोमवार को महाराष्ट्र के नवी मुंबई साइबर सेल में पहुंचे हैं। दोनों का स्टेटमेंट नवी मुंबई में रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले अलाहबादिया को सोमवार को अपना बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था। इंडियाज गॉट लेटेंट शो के ऑर्गनाइजर समय रैना देश के बाहर हैं, जिनसे पुलिस ने संपर्क किया है।

### ईसीआई की कॉन्फ्रेंस

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों से करेंगे गहन मंथन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों की दो दिनी कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह सम्मेलन 4-5 मार्च को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली में होगा। यह पहला मौका होगा जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में बैठक होगी। इसकी विशेषता यह है कि पहली बार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को एक जिला निर्वाचन अधिकारी और एक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को नामांकित करने के निर्देश दिए गए हैं।



### शाह एवं शिवकुमार ईशा योग केंद्र में महाशिवरात्रि समारोह में हिस्सा लेंगे

कोयंबटूर (भाषा)। ईशा योग केंद्र में 26 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। केंद्र ने जानकारी दी है। योग केंद्र के संस्थापक सदगुरु इस अवसर पर एक मुफ्त ध्यान ऐप का अनावरण करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री शाह 26 फरवरी 2025 को ईशा योग केंद्र में आदियोगी और सदगुरु की उपस्थिति में महाशिवात्रि समारोह में शामिल होंगे।" बयान में कहा गया है कि पूरी रात चलने वाला यह समारोह बुधवार को शाम छह बजे शुरू होगा और अगली सुबह छह बजे इसका समापन होगा। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, केंद्रीय मंत्री एवं अन्य इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।



# यूएसएड पर वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच वार-पलटवार

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिकी एजेंसी यूएसएड की फंडिंग से जुड़े विवाद के बीच सोमवार को दावा किया कि वित्त मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का ''झूठ'' पूरी तरह से उजागर हो गया है। भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल पर भारत के लोकतंत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वाले विदेशी दानदाताओं के दखल का बचाव करने का आरोप लगाया। दरअसल, वित्त मंत्रालय की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी एजेंसी ने 2023-24 में 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''किसी और ने नहीं, बल्कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने प्रधानमंत्री और उनके विदेश मंत्री सहित उनकी झूठ ब्रिगेड के झूठ को पूरी तरह से उजागर किया है। वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएसएड वर्तमान में भारत सरकार के सहयोग से लगभग 75 करोड़ डॉलर के संयुक्त बजट की सात परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है।

### अब स्पष्ट है कि लाभार्थी कौनः अमित मालवीय

भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए दावा किया कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने के लिए 'जॉर्ज सोरोस (अमेरिकी कारोबारी) से जुड़े मोर्चों और एनजीओ ढांचे'' के माध्यम से विवादास्पद यूएसएड फंडिंग से ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस और उसके तंत्र की हताशा दिख रही है।

उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अब यह स्पष्ट है कि लाभार्थी कौन हैं। मालवीय ने कहा कि विचाराधीन यूएसएड परियोजनाएं सरकार-से-सरकार के बीच की भागीदारी वाली हैं, जिन्हें पारदर्शी रूप से बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं (ईएपी) के रूप में निष्पादित किया जाता है। केंद्र इन निधियों को केवल राज्यों को विकास के लिए भेजता है, जो सहकारी संघवाद के ढांचे के भीतर है।

# मतभेदों के बीच भाजपा मंत्री गणेश ने शिंदे के गढ़ ठाणे में लगाया 'जनता दरबार'

भाषा ▸▸| ठाणे

भाजपा नेता एवं वन मंत्री गणेश नाईक ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे में जनता दरबार लगाया। उन्होंने कहा कि राजनीति में किसी का भी स्थायी प्रभुत्व नहीं होता और नेतृत्व समय के साथ जनता की स्वीकृति के आधार पर बदलता रहता है। नाईक ने कहा कि ठाणे में अगला जनता दरबार मार्च में लगाया जाएगा। पिछले कुछ हफ्तों से भाजपा और शिवसेना के बीच संबंधों में असहजता की अटकलें हैं। इन अटकलों को शुक्रवार को ''मुझे हल्के में न लें'' वाली एकनाथ शिंदे की टिप्पणी से और बल मिला।

ठाणे के भाजपा नेता संजय वाघुले ने संवाददाताओं को बताया कि सुबह आठ बजे जनता दरबार स्थल पर लोगों को 400 से अधिक टोकन वितरित किए गए।

### महाराष्ट्र में सरकार गठन के बाद महायुति में तनाव चुनाव जीतने के बाद से ही 'गठबंधन' में बढ़ा दबाव

मुंबई(एजेंसी)। हाराष्ट्र में महायुति को जबरदस्त बहुमत मिला। विधानसभा की 288 सीटों में से 235 पर महायुति की तीन पार्टियां काबिज हो गईं। अब तक माना जा रहा था कि महायुति की सरकार में आपसी तनाव की स्थिति कम देखने को मिलेगी और विपक्ष की जबरदस्त कमजोरी से उसे 5 साल तक शासन करने में आसानी होगी, पर अब कुछ अनबन है। शिवसेना और भाजपा के बीच खटपट की खबरों ने महायुति में दरार की अटकलों को हवा दी है। एकनाथ शिंदे के बयान ने हलचल बढ़ा दी है। महाराष्ट्र की राजनीति में भाजपा और शिंदे भले ही साथ में सरकार चला रहे हैं, लेकिन दोनों के बीच शीत युद्ध भी जारी है। शिंदे को एक और चैलेंज मिला है।

#### नहीं बैठ रही पटरी

- *मुख्यमंत्री-मंत्री पदों को लेकर खींचतान*
- *जिलों के प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति पर मतभेद*
- *शिवसेना नेताओं की सुरक्षा घटाने पर विवाद*
- *शिंदे और फडणवीस की बैठकों में मतभेद*

*विवादित नियुक्तियां और बदलाव*

## एनसीआर के राज्यों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के अनुपालन के बारे में ली जानकारी

# कचरे के स्रोत पर ही उसे अलग करना पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण : शीर्ष कोर्ट

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन के बिना कैसे बनेंगे शहर स्मार्ट

भाषा ▸▸| नई दिल्ली

### सभी स्मार्ट सिटी परियोजनाएं प्रगति पर

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कचरे के स्रोत पर ही उसे अलग करना पर्यावरण के लिए ''अत्यंत महत्वपूर्ण'' है। न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के राज्यों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 के अनुपालन के बारे में भी पूछा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि 2016 के नियमों का पालन न करने से देश के सभी शहर प्रभावित हुए हैं। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, ''एक आदेश में हमने पाया है कि सभी स्मार्ट सिटी परियोजनाएं प्रगति पर हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुपालन के बिना शहर स्मार्ट कैसे बन सकते हैं? राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिल्ली के अलावा हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ जिले शामिल हैं। अदालत ने कहा कि यदि कचरे को सही तरीके से अलग नहीं किया गया, तो कचरे से ऊर्जा बनाने वाली परियोजनाएं भी अधिक प्रदूषण पैदा करेंगी। प्रदूषण मामले में न्यायमित्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने एनसीआर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का उल्लेख किया तथा कम मात्रा में अपशिष्ट को अलग किये जाने पर चिंता जताई। अपराजिता सिंह ने कहा कि अपशिष्ट को अलग-अलग न करके उसे सीधे अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों में भेजने से प्रदूषण बढ़ता है।



शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा, ''जैसा कि न्यायमित्र ने सही कहा है, कचरे के स्रोत पर ही उसका पृथक्करण पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि उचित पृथक्करण नहीं होगा, तो अपशिष्ट से ऊर्जा बनाने वाली परियोजनाएं भी अधिक प्रदूषण पैदा करेंगी। एनसीआर राज्यों को सभी शहरी स्थानीय निकायों द्वारा 2016 के नियमों के प्रावधानों के अनुपालन के संबंध में हलफनामा दायर करने का आदेश दिया गया।

### सीबीआई ने आरजी कर मामले में अदालत में स्थिति रिपोर्ट पेश की

कोलकाता (भाषा)। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में बलात्कार और हत्या मामले की जांच पर सोमवार को यहां एक अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट पेश की। वकील ने बताया कि सीबीआई ने रिपोर्ट में कहा है कि वह पिछले साल नौ अगस्त को ड्यूटी पर तैनात एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में जल्द ही अदालत के समक्ष पूरक आरोपपत्र पेश करेगी। केंद्रीय एजेंसी ने सियालदह अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष ताला थाने के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल द्वारा उनके मोबाइल फोन का सिम कार्ड वापस करने के अनुरोध का भी विरोध किया। सोमवार को अदालत द्वारा अनुरोध पर कोई आदेश पारित नहीं किया गया।


# हरियाणा लोक सेवा आयोग

## बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

## विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों हेतु भर्ती, विज्ञा. सं. 42 से 67/2024

## शुद्धिपत्र-II

आयोग ने विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 दिनांक 02.08.2024 तत्पश्चात शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के तहत उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में विभिन्न विषयों में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के 2424 पद आवेदित किए थे। विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के जारी होने के पश्चात, सरकार ने हरियाणा की अनुसूचित जातियों के उप-वर्गीकरण के सम्बन्ध में अधिसूचना सं. 22/163/2024- 5एचआर-III दिनांक 13.11.2024 जारी किया। यह शुद्धिपत्र सरकार द्वारा जारी की गई उक्त अधिसूचनाओं के मद्देनजर जारी किया जा रहा है।

ए. अधिसूचना सं. 22/163/2024-5एचआर-III दिनांक 13.11.2024

हरियाणा सरकार अधिसूचना सं. 22/163/2024- 5एचआर-III दिनांक 13.11.2024 के मद्देनजर, हरियाणा सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा को पूर्ववर्ती आवश्यकता को संशोधित करने का आग्रह किया गया। संशोधित आवश्यकता के अनुरूप पदों का विभाजन सरकार से जैसे ही और जब भी प्राप्त होगा, प्रकाशित / प्रदर्शित किया जाएगा।

आयोग ने निम्नलिखित के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल 01.03.2025 से और 15.03.2025 को अप. 5.00 बजे तक पुनः खोलने का निर्णय लिया है :-

1. **एससी उम्मीदवार जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं :-**
अनुसूचित जाति वर्ग के सभी उम्मीदवार जो विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के प्रत्युत्तर में पहले ही आवेदन कर चुके हैं, को अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र अपडेट करने और अपनी सम्बन्धित श्रेणी जैसे डीएससी अथवा ओएससी, जैसा भी मामला हो, वर्णित करने का निर्देश दिया जाता है। आगे सभी उम्मीदवार जो अब डीएससी श्रेणी में आते हैं, को अधिसूचना सं. 22/163/2024- 5एचआर-III दिनांक 13.11.2024 के अनुरूप जारी किए गए नवीनतम डीएससी श्रेणी प्रमाण-पत्र जमा करवाने / अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। ओएससी श्रेणी उम्मीदवारों के मामले में, उनके पहले ही अपलोड किए गए एससी प्रमाण-पत्र पर विचार किया जाएगा। जानकारी के अद्यतन के पश्चात, कृपया इसकी एक प्रति डाउनलोड करें और इसको ध्यानपूर्वक पढ़ें। जानकारी के संशोधन चेक करने के पश्चात, इसको हस्ताक्षरित करें और इसको अपलोड करें।
2. **इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले डीएससी और ओएससी उम्मीदवार :-**
डीएससी और ओएससी वर्ग के सभी उम्मीदवार जिन्होंने पूर्व में आवेदन नहीं किया था और अब इस शुद्धिपत्र के जारी होने के पश्चात आवेदन कर रहे हैं, को अपनी श्रेणी जैसे डीएससी अथवा ओएससी स्पष्ट रूप से वर्णित करते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाना आवश्यक होगा और उनको ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र सहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अपने नवीनतम डीएससी/ओएससी (एससी) प्रमाण-पत्र अपलोड करना आवश्यक होगा।
3. एससी उम्मीदवार जो पहले ही अपने ऑनलाइन आवेदन जमा करवा चुके थे परन्तु वे प्रिंटआउट निकालने के पश्चात विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र अपलोड नहीं कर सके थे अथवा उनके पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र में गलती से अपनी श्रेणी, योग्यता इत्यादि से सम्बन्धित गलत विवरण भर चुके थे, ऐसे उम्मीदवारों को उनके पहले ही भरे हुए आवेदन प्रपत्र को निरस्त करना होगा और तब अपेक्षित शुल्क का भुगतान करके नया आवेदन प्रपत्र जमा करवाना होगा। पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र के साथ पहले ही भुगतान किया गया शुल्क नये आवेदन प्रपत्र के तहत समायोजित नहीं किया जाएगा।
4. **एससी उम्मीदवार जो विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र 30.10.2024 के प्रत्युत्तर में पहले ही आवेदन कर चुके हैं, परन्तु संशोधित आवश्यकता के अनुरूप उनके उप-वर्ग डीएससी अथवा ओएससी, जैसा भी मामला हो, के तहत कोई पद उपलब्ध नहीं है, ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी सामान्य श्रेणी के तहत विचारणीय होगी।**

बी. बीसी-ए ( नॉन-क्रीमी लेयर ), बीसी-बी ( नॉन-क्रीमी लेयर ) और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार

1. **बीसी-ए, बीसी-बी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं :-**
(ए) इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले बीसी-ए (नॉन-क्रीमी लेयर), बीसी-बी (नॉन-क्रीमी लेयर) से सम्बन्धित सभी उम्मीदवारों को ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्रमाण-पत्र अपलोड करना होगा जो हरियाणा सरकार निर्देश सं. 22/132/2013-1जीएस-III दिनांक 22.03.2022, सरकारी अधिसूचना सं. 40/13/2024-1एसडब्ल्यू दिनांक 16.07.2024 और समय-समय पर संशोधित अनुसार, के अनुरूप जारी किये गये हैं। यह प्रमाण-पत्र हरियाणा सरकार अधिसूचना सं. 16.07.2024 के अनुरूप और 16.07.2024 को और इसके पश्चात तथा अन्तिम तिथि से पूर्व जारी किया होना चाहिए। 16.07.2024 से पूर्व अथवा शुद्धिपत्र की अन्तिम तिथि के पश्चात जारी किये गये प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
(बी) इसी प्रकार इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन करने वाले ईडब्ल्यूएस श्रेणी उम्मीदवारों को ऑनलाइन पोर्टल पर एक प्रमाण-पत्र अपलोड करना आवश्यक है, जो सं. 22/12/2019-1जीएस-III दिनांक 25.02.2019 के तहत जारी किये गये हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुरूप जारी किया गया हो। यह प्रमाण-पत्र वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिये वैध होना चाहिए और 01.04.2024 के पश्चात तथा अन्तिम तिथि से पूर्व जारी किया हुआ होना चाहिए। 01.04.2024 से पूर्व अथवा शुद्धिपत्र की अन्तिम तिथि के पश्चात जारी किये गये प्रमाण-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. **बीसी-ए, बीसी-बी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं :-**
(ए) बीसी-ए (नॉन-क्रीमी लेयर), बीसी-बी (नॉन-क्रीमी लेयर) और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में अपने ऑनलाइन आवेदन पहले ही जमा करवा चुके हैं, को ऑनलाइन पोर्टल पर एक नया प्रमाण-पत्र जमा करवाने का निर्देश दिया जाता है। जानकारी के अद्यतन के पश्चात, कृपया इसकी एक प्रति डाउनलोड करें और इसको ध्यानपूर्वक पढ़ें। जानकारी के संशोधन चेक करने के पश्चात, इसको हस्ताक्षरित करें और इसको अपलोड करें।

सी. ईएसएम / डीईएसएम श्रेणी उम्मीदवार

1. ईएसएम / डीईएसएम श्रेणी उम्मीदवार जो पहले ही आवेदन कर चुके हैं :-
(ए) ईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में अपने आवेदन पहले ही जमा करवा चुके हैं, को जिला सैनिक बोर्ड द्वारा जारी अपने पहचान-पत्र की प्रति अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। ईएसएम आईडी कार्ड नं., ईएसएम आईडी कार्ड जारी होने की तिथि और सर्विस से डिस्चार्ज की तिथि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज की जानी चाहिए।
(बी) डीईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के प्रत्युत्तर में अपने आवेदन पहले ही जमा करवा चुके हैं, को जिला सैनिक बोर्ड द्वारा जारी उनका पात्रता प्रमाण-पत्र अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। पात्रता रजिस्टर की क्रम सं., डीईएसएम प्रमाण-पत्र जारी होने की तिथि और जिस तिथि तक नवीकृत है, के सम्बन्ध में विवरण ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज किया जाना चाहिए।
2. ईएसएम/डीईएसएम उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं
(ए) ईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं, को सक्षम प्राधिकारी/जिला सैनिक बोर्ड द्वारा जारी अपने पहचान-पत्र की प्रति अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। ईएसएम आईडी कार्ड नं., ईएसएम आईडी कार्ड जारी होने की तिथि और सर्विस से डिस्चार्ज की तिथि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज की जानी चाहिए।
(बी) डीईएसएम श्रेणी से सम्बन्धित उम्मीदवार जो इस शुद्धिपत्र के प्रत्युत्तर में आवेदन कर रहे हैं, को अपना पात्रता प्रमाण-पत्र अपलोड करने का निर्देश दिया जाता है। पात्रता रजिस्टर की क्रम सं., डीईएसएम प्रमाण-पत्र जारी होने की तिथि और जिस तिथि तक नवीकृत है, के सम्बन्ध में विवरण ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दर्ज किया जाना चाहिए।

**टिप्पणी :-**

1. विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 दिनांक 02.08.2024 में वर्णित अन्य नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगे और लागू योग्य होंगे। उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाने से पूर्व सभी नियम व शर्तें ध्यानपूर्वक पढ़ने का निर्देश दिया जाता है।
2. उम्मीदवार जिन्होंने विज्ञापन दिनांक 02.08.2024 और शुद्धिपत्र दिनांक 30.10.2024 के प्रत्युत्तर में पहले आवेदन नहीं किया है, वे भी इस शुद्धिपत्र के तहत आवेदन कर सकते हैं।
3. उम्मीदवार जो विज्ञापन सं. 42 से 67 ऑफ 2024 के तहत पहले आवेदन कर चुके हैं, परन्तु वे प्रिंटआउट निकालने के पश्चात विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र अपलोड नहीं कर सके थे अथवा उनके पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र में गलती से अपनी श्रेणी, योग्यता इत्यादि से सम्बन्धित गलत विवरण भर चुके थे, ऐसे सभी उम्मीदवारों को उनके पूर्ववर्ती आवेदन प्रपत्र को निरस्त करने के पश्चात और अपेक्षित शुल्क के भुगतान के पश्चात नया आवेदन प्रपत्र भरकर केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से नये सिरे से आवेदन का निर्देश दिया जाता है।
4. **उम्मीदवार जो पहले आवेदन नहीं कर चुके हैं, परन्तु इस शुद्धिपत्र के तहत नया आवेदन कर रहे हैं, उनकी आयु 15.02.2025 को निर्धारित की जाएगी और शैक्षणिक योग्यता तथा बीसी-ए( एनसीएल )/बीसीबी( एनसीएल )/ईडब्ल्यूएस/ईएसएम/डीईएसएम इत्यादि के प्रमाण-पत्र शुद्धिपत्र की अन्तिम तिथि अर्थात 15.03.2025 को निर्धारित किए जाएंगे।**
5. उम्मीदवारों को एतद द्वारा ऑनलाइन **लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in** के माध्यम से आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। लिंक 01.03.2025 से और 15.03.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

**दिनांक : 24.02.2025**
संवाद-1156/13/306/2025/32513/88/6 दि. 24.02.25

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**



# विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने काजीरंगा में उठाया लुत्फ राष्ट्रीय उद्यान में हाथी और जीप सफारी का लिया आनंद

## 61 देशों के राजनयिक भी रहे मौजूद

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और 61 देशों के राजनयिकों ने सोमवार की सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान एस. जयशंकर ने हाथी और जीप की सवारी भी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये राजनयिक रविवार रात विदेश मंत्री के साथ जोरहाट पहुंचे थे और आज सुबह काजीरंगा पहुंचे। राजनयिकों ने सबसे पहले पार्क के केंद्रीय रेंज कोहोरा में हाथी की सवारी का आनंद लिया। जयशंकर प्रसिद्ध हाथी प्रद्युम्न पर सवार हुए।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने हाथी की सवारी के बाद यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया

### खास बातें

लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखा

आज 'एडवांटेज असम 2.0 शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगे







### राजनयिकों संग झुमोर नृत्य देखा

काजीरंगा से जयशंकर राजनयिकों के साथ सोमवार को गुवाहाटी रवाना हुए। यहां शाम को लगभग 9,000 कलाकारों द्वारा पेश किया जाने वाला झुमोर नृत्य देखा। इस दौरान वहां पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। ये राजनयिक मंगलवार को 'एडवांटेज असम 2.0 अवसंरचना एवं निवेश शिखर सम्मेलन' के उद्घाटन सत्र में भी भाग लेंगे। असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि 'एक ऐतिहासिक यात्रा! रविवार रात विदेश मंत्री एस. जयशंकर असम की ऐतिहासिक यात्रा पर 50 से अधिक मिशन प्रमुखों के साथ जोरहाट पहुंचे।

### हाथियों को खिलाया चारा

हाथी की सवारी के बाद उन्होंने यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल पार्क के अंदर जीप सफारी का आनंद लिया। सफारी के बाद जयशंकर और कुछ राजनयिकों को हाथियों को चारा खिलाते हुए देखा गया। असम के कृषि मंत्री अतुल बोरा, काजीरंगा से लोकसभा सदस्य कामाख्या प्रसाद तासा, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान की निदेशक सोनाली घोष और डीएफओ अरुण विग्नेश सफारी के दौरान मेहमानों के साथ थे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे में एसी थ्री टियर की बंपर डिमांड!

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे में एसी 3 टियर क्लास राजस्व में सबसे बड़ा योगदान दे रहा है। पिछले पांच वर्षों में इस श्रेणी से रेलवे को होने वाली कमाई में उछाल देखा गया है। 2024-25 में, रेलवे के कुल अनुमानित 80,000 करोड़ के यात्री राजस्व में अकेले एसी थ्री टियर का योगदान 30,089 करोड़ रुपए (38%) रहने का अनुमान है। जबकि सिर्फ 26 करोड़ यात्री (कुल 727 करोड़ में से 3.5%) इस श्रेणी में यात्रा कर रहे हैं, फिर भी यह सबसे अधिक कमाई करने वाली श्रेणी बन गई है।



### सुप्रीम कोर्ट बोला इंटरनेट एक फ्री मार्केट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की एक बेंच ने सोमवार को देश में इंटरनेट की कीमतों को रेगुलेट करने की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से मना कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने रजत नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उपभोक्ताओं के पास इंटरनेट सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कई विकल्प हैं। बेंच ने कहा कि यह एक फ्री मार्केट है। यहां ग्राहकों के पास कई विकल्प हैं।



# जर्मनी के चुनाव में कंज़र्वेटिव पार्टी की जीत पर बोले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप

## 'नो कॉमन सेंस' एजेंडे से थक चुके थे जर्मन के लोग, दोनों देशों के बीच राजनीतिक समानताएं

कंजर्वेटिव विपक्षी नेता मर्ज बने नए चांसलर



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

जर्मनी के आम चुनाव में कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के गठबंधन को जीत मिली है। गठबंधन ने 28.6 फीसदी वोट हासिल कर 630 सीटों में 208 सीटों पर जीत दर्ज की। अल्टरनेटिव फॉर जर्मन पार्टी दूसरे स्थान पर रही। वहीं, सत्ता में रहे वामपंथी सोशल डेमोक्रेट पार्टी (एसडीपी) चुनाव हार गई। इसी के साथ जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली। उनकी पार्टी चुनाव नतीजों में तीसरे पायदान पर पहुंच गई। बता दें कि जर्मनी 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और नाटो का एक प्रमुख सदस्य है। यह अमेरिका के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को जर्मनी के राष्ट्रीय चुनाव में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन को उनकी जीत पर बधाई दी। ट्रंप ने जर्मनी में चुनाव की परिस्थितियों और अमेरिका की राजनीतिक स्थिति के बीच समानताएं बताते हुए कहा कि जर्मन लोग 'नो कॉमन सेंस' एजेंडे से थक चुके हैं।

**मर्ज बोले, जर्मनी में स्थिरता और आर्थिक सुधार लाना प्राथमिकता**

जर्मनी के आम चुनाव में कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के गठबंधन को जीत मिली है। गठबंधन ने 28 .6 फीसदी वोट हासिल कर 630 सीटों में 208 सीटों पर जीत दर्ज की। अल्टरनेटिव फॉर जर्मन पार्टी दूसरे स्थान पर रही

◆ जर्मनी में चुनाव निर्धारित समय से सात महीने पहले हुए

### कई देशों के नेताओं ने दी बधाई

क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन गठबंधन की जीत के बाद फ्रेडरिक मर्ज को बाधाइयों का तांता लग गया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उन्होंने फ्रेडरिक मर्ज से बात की और उन्हें उनकी जीत पर बधाई दी। ब्रिटेन के पीएम कीर स्टारमर ने भी मर्ज को उनकी जीत पर बधाई दी। कहा कि ब्रिटेन नई सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है ताकि उनके बीच पहले से ही मजबूत संबंध और मजबूत हो सकें। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि वह जर्मनी की नई सरकार के साथ मिलकर 'जीवन की रक्षा' करने के लिए तत्पर हैं।

### चलो पार्टी शुरू करते हैं

मध्य बर्लिन में आयोजित कार्यक्रम में मेर्ज ने जीत की घोषणा की और समर्थकों से कहा, 'चलो पार्टी शुरू करते है,' यह स्पष्ट संकेत था कि वे गठबंधन वार्ता को शीघ्र शुरू करना चाहते हैं। इससे पहले रविवार शाम को सीडीयू पार्टी मुख्यालय में जयकारे और तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी, क्योंकि एग्जिट पोल सामने आए और यह स्पष्ट हो गया कि रविवार के चुनाव के बाद विपक्षी पार्टी सबसे बड़ा समूह बनने जा रही है।

### जर्मनी के लिए नई शुरुआत

बता दें, कि यह चुनाव मूल रूप से निर्धारित समय से सात महीने पहले हुआ, जब नवंबर 2024 में शोल्ज़ के गठबंधन में दरार पड़ गई थी। तीन साल तक चली उनकी सरकार आंतरिक कलह और मतदाताओं के असंतोष से जूझती रही थी। अब फ्रेडरिक मर्ज़ के नेतृत्व में क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) ने सत्ता की बागडोर संभालने वाली है। मर्ज़ ने अपनी जीत को 'जर्मनी के लिए नई शुरुआत' करार देते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता देश में स्थिरता और आर्थिक सुधार लाना होगा। हालांकि, गठबंधन वार्ताओं और बदलते राजनीतिक माहौल के बीच उनकी राह आसान नहीं होगी।

### यूरोप में एकता को मजबूत करेंगे

*फ्रेडरिक मर्ज ने चुनाव के बाद अपनी जीत के भाषण में अमेरिका पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनका प्राथमिक लक्ष्य यूरोप में एकता को मजबूत करना है और अमेरिका से 'वास्तविक स्वतंत्रता' प्राप्त करने की दिशा में काम करना है। मर्ज ने कहा कि अमेरिका के उदासीन रवैये के कारण यूरोप को अब अपने भविष्य के लिए खुद पर भरोसा करना होगा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नाटो का भविष्य कैसा रहेगा और क्या इसका मौजूदा स्वरूप अगले शिखर सम्मेलन में भी बरकरार रहेगा। फ्रेडरिक मर्ज के लिए चांसलर बनने का समय चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि जर्मनी की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है और समाज में प्रवासन को लेकर मतभेद बढ़ रहे हैं। मर्ज को जर्मनी की सुरक्षा नीति और अमेरिका, रूस, और चीन के साथ संबंधों में संतुलन बनाकर रखना होगा।*

### बहुप्रतीक्षित चुनाव जीता: ट्रंप

*अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि जर्मनी में कंजर्वेटिव पार्टी ने बहुत बड़ा और बहुप्रतीक्षित चुनाव जीत लिया है। अमेरिका की तरह ही जर्मनी के लोग भी अनेक वर्षों से चले आ रहे 'नो कॉमन सेंस' एजेंडे के अभाव वाले एजेंडे से तंग आ चुके हैं, विशेषकर ऊर्जा और आव्रजन के मामले में।*

बांग्लादेश की यूनुस सरकार को झटका

# वायुसेना अड्डे पर हमला झड़प में कई लोग घायल



एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में कई बदमाशों ने देश के दक्षिण-पूर्वी तट पर कॉक्स बाजार में स्थित वायुसेना अड्डे पर घात लगाकर हमला किया। यह घटना मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के लिए एक और झटका है जिस पर लगातार आरोप लग रहा है कि वह देश में जारी अराजकता को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। बांग्लादेश सशस्त्र बलों के मीडिया प्रभाग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कॉक्स बाजार में वायु सेना बेस से सटे समिति पारा के कुछ बदमाशों ने घात लगाकर हमला किया। झड़पों में कई लोग घायल हुए हैं। वायु सेना के जवानों ने सुबह 11:30 बजे प्रदर्शनकारियों पर कई राउंड गोलियां चलाईं।

### इस्तीफे की भी मांग की

*अपराधों को रोकने में प्रशासन की नाकामी का हवाला देते हुए, छात्रों ने बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार के इस्तीफे की भी मांग की। छात्रों ने पिछले 48 घंटों में बलात्कार की घटनाओं की खतरनाक संख्या पर सरकार पर निशाना साधा और इसे चरम अराजकता का सबूत बताया। पिछले सप्ताह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कई लोगों ने यूनुस के इस्तीफे की मांग की है।*

### सरकार जागो, चुप्पी खत्म करो

बता दें, रविवार को राजधानी में छात्रों ने हाल के दिनों में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा की बढ़ती घटनाओं को रोकने में अंतरिम सरकार की नाकामी से नाराज होकर विरोध मार्च निकाला। ढाका के कई प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों जैसे जगन्नाथ विश्वविद्यालय, ईडन कॉलेज, गवर्नमेंट टिटुमिर कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ लिबरल आर्ट्स बांग्लादेश (यूएलएबी) और बीआरएसी यूनिवर्सिटी में विरोध प्रदर्शन हुए। छात्रों ने नारे लगाए, 'सरकार जागो!', 'चुप्पी खत्म करो, बलात्कारियों को सजा दो!', 'हिंसा बंद करो, महिलाओं की रक्षा करो!' और 'बलात्कारियों को फांसी दो!'।

# संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए पर ध्यान केंद्रित करते भारत-ब्रिटेन

**सोमवार को दोनों देशों के बीच फिर से मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत की शुरुआत करने के लिए हुई पहली उच्च-स्तरीय बैठक**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने के लिए एक बार फिर से बातचीत के सिलसिले की शुरुआत हो गई है। इसी के तहत सोमवार को राजधानी में एक उच्च-स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारत की तरफ से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन से उनके व्यापार सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स शामिल हुए। बैठक के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आज की बैठक में हमारी चर्चा में मुख्य रूप से भारत-ब्रिटेन एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने और एक संतुलित, महत्वाकांक्षी और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर ध्यान केंद्रित किया गया। हम इस विषय को लेकर तेजी से काम करेंगे, जिसमें जल्दबाजी नहीं की जाएगी। लेकिन हमारा पूरा जोर तेजी के साथ चीजों को बेहतर ढंग से निपटाने पर रहेगा।

# यूक्रेन बनेगा यूरोपीय संघ-नाटो का सदस्य रूस के लिए माफी नहीं: पोलिशचुक

**रूस के साथ युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोले भारत में यूक्रेन के राजदूत ओलेक्सांद्र**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रूस-यूक्रेन युद्ध की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर भारत में यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक के नेतृत्व में उनके दूतावास परिसर के प्रांगण में यूरोपीय संघ (ईयू) के विभिन्न देशों के राजनयिकों ने युद्ध में मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियां जलाईं। यह एक प्रकार युद्ध के दौरान रूस के विरोध में यूक्रेन और ईयू देशों द्वारा दुनिया के सामने प्रकट की गई एकजुटता को प्रदर्शित करता है। साथ ही इससे यूरोपीय देशों ने यूक्रेन को दिए जा रहे अपने समर्थन का प्रमाण भी सबके सामने प्रस्तुत किया है। इसके बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूक्रेन के राजदूत ने कहा कि हम यूरोपीय संघ और नाटो के सदस्य बनेंगे। इसके लिए हमें किसी को अनुमति देने के लिए कहने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि हम एक स्वतंत्र देश हैं।

# 2030 तक भारत का तकनीकी क्षेत्र 350 अरब डॉलर तक पहुंचेगा: राजनाथ सिंह

**आईआईटी मंडी के 16वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी के 16वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत में तकनीकी क्षेत्र का विस्तार हो रहा है। अगले पांच वर्षों में यानी 2030 तक इसके करीब 300 से 350 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बिठाना ही नहीं है। बल्कि नई तकनीक का सृजन करना भी है। उन्होंने संस्थान के भावी युवा इंजीनियरों से अपील करते हुए कहा कि तकनीक केवल ग्रहणकर्ता न बनें। वह विध्वंसक भी बने, जिससे नवाचार हो सके। भारत 1.25 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ उभर रहा है। इस महत्वपूर्ण अवसर का छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। जिससे भारतीय छात्र न केवल देश की प्रगति में योगदान करें। बल्कि अनुसंधान-विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें।

# महाशिवरात्रि के स्नान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ा भारी भीड़ के बावजूद लोग व्यवस्थाओं की कर रहे तारीफ

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ का सोमवार को 43वां दिन था। मेला खत्म होने में 2 दिन और बचे हैं। शाम 4 बजे तक 1.05 लाख से ज्यादा लोगों ने स्नान किया। संगम स्टेशन से लेकर संगम तक भीड़ ज्यादा थी। दोपहर तक भीड़ कम होना शुरू हो गई। 13 जनवरी से अब तक 62.97 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

प्रयागराज में एंट्री पॉइंट पर पार्किंग के आसपास जाम की स्थिति है। शहर के अंदर चौराहों पर भी बीच-बीच में जाम लग रहा है। प्रयागराज पहुंचने वाली गाड़ियों को संगम से 10 किमी पहले पार्किंग में रोका जा रहा है। उसके बाद मेला क्षेत्र तक ऑटो, ई-रिक्शा या शटल बसों से जा सकते हैं।ऐसे में बहुत श्रद्धालु 10 किमी तक पैदल चलने को मजबूर हैं।

## श्रद्धालुओं ने योगी को दिया धन्यवाद



### कैटरीना ने स्वामी से लिया आशीर्वाद

अभिनेत्री कैटरीना कैफ प्रयागराज के अरैल स्थित परमार्थ निकेतन आश्रम पहुंची। कैटरीना ने परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा किमैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं इस बार यहां आ सकी। मैं वास्तव में बहुत खुश और आभारी हूं।



### महाशिवरात्रि पर नहीं निकलेगी शोभायात्रा

*महाशिवरात्रि पर प्रयागराज शहर में 16 किमी लंबी शोभायात्रा निकाली जाती है। कई मंदिरों से भी जुलूस निकाले जाते हैं। पुलिस ने कमेटी से बात करके शोभायात्रा न निकालने पर राजी कर लिया है।*

### महाकुंभ हादसे की जांच भी न्यायिक आयोग ही करेगा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सरकार के आश्वाशन पर महाकुंभ क्षेत्र में अमावस्या के दिन हुई सभी तीनों हादसों में हुई मौतों और लापता लोगों का पता लगाने की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका निस्तारित कर दी। सरकार ने कोर्ट को बताया कि न्यायिक आयोग के जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है।





अभिनेता अक्षय कुमार ने लगाई डुबकी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25